प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



पहाड़ी देश नेपाल की सियासत में हुआ ऐतिहासिक बदलाव पेज-2

आईटीआई में रोजगार मेला व प्लेसमेंट इवेंट 18 को पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 81 गुरुवार 12 मार्च, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का आरोप: कहा- हिंदू आस्था का मजाक

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक कार्यक्रम में गोमूत्र संबंधी हालिया बयान को लेकर उनपर निशाना साधते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि वह (गांधी) इस्लामिक कट्टरपंथियों की भाषा दोहरा रहे हैं, जो हिंदू आस्था का मजाक उड़ाने के लिए गोमूत्र को लेकर तंज कसते हैं। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनका एक वीडियो भी साझा किया। इस वीडियो में नेता प्रतिपक्ष यह कहते नजर आ रहे हैं कि देश में राजनीतिक चर्चा का केंद्र डेटा से जुड़े मुद्दे होने चाहिए, न कि इस बात पर बहस कि हमें क्या खाना या पीना चाहिए या क्या गोमूत्र आपके लिए अच्छा है या नहीं। मालवीय ने अपने पोस्ट में लिखा, इस्लामिक कट्टरपंथी अक्सर हिंदुओं का मजाक बनाने और उनकी आस्था को नीचा दिखाने के लिए गोमूत्र को लेकर तंज कसते हैं। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष से उम्मीद नहीं की जाती कि वह भी उसी तरह की भाषा दोहरायें, फिर भी, राहुल गांधी ऐसा करने में कोई संदेह नहीं छोड़ रहे हैं कि वह किस पक्ष में हैं। उन्होंने आगे कहा, श्सबसे दुखद बात यह है कि इस तरह की बयानबाजी को सीधी बात के रूप में पेश किया जाता है और उससे भी आगे बढ़कर उसे वैचारिक बौद्धिकता का रूप दे दिया जाता है। राहुल गांधी वीडियो में डेटा और नवाचार की भूमिका पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहते हैं कि भारत की राजनीति को इसी तरह के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। गांधी यह कहते सुनाई देते हैं, श्यह उन केंद्रीय सवालों में से एक है जिस पर भारतीय राजनीति में चर्चा की जानी चाहिए... कि यह हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। हम इसे कैसे उपयोग करेंगे? इसकी प्रकृति क्या है? किसको इसका उपयोग करने का अधिकार है? उन्हें इसका उपयोग करने में क्या लागत चुकानी पड़ती है?श उन्होंने आगे कहा, राजनीतिक व्यवस्था को इन्हीं सवालों पर चर्चा करनी चाहिए, न कि इस पर कि हमें क्या खाना या पीना चाहिए और क्या गोमूत्र आपके लिए अच्छा है या नहीं।



# तरणजीत सिंह संधू बने दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल

## -हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने दिलाई शपथ, अमित शाह से मुलाकात की

(एजेंसी) नई दिल्ली। पूर्व राजनयिक और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी रहे तरणजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यह शपथ ग्रहण समारोह दिल्ली के लोक निवास में आयोजित किया गया, जहां दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें शपथ दिलाई। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। संधू ने इस पद पर विनय कुमार सक्सेना का स्थान लिया है। सक्सेना को हाल ही में लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। शपथ ग्रहण के बाद तरनजीत सिंह संधू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच शासन, लोक सेवा और प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। संधू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात करना उनके लिए सम्मान की बात थी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में आपसी हितों से जुड़े विषयों और लोक सेवा तथा शासन से संबंधित मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। नई जिम्मेदारी



संभालने के बाद संधू ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को दुनिया की अन्य प्रमुख राजधानियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होना चाहिए। उन्होंने कहा, दिल्ली हमारी राजधानी है और हमें इसे विश्व की अन्य राजधानियों के बराबर खड़ा करना होगा। हमें सबके साथ आगे बढ़ना है और हमारा ध्यान विकास पर केंद्रित होना चाहिए। उनका मानना है कि दिल्ली को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आधुनिक शहर बनाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने के बाद संधू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता की सेवा करने का अवसर देने के लिए वह प्रधानमंत्री के आभारी हैं। संधू ने लिखा कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन उनके लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के विश्वास और मार्गदर्शन के लिए वह कृतज्ञ हैं। संधू ने आश्वासन दिया कि वह समर्पण, निष्ठा और विनम्रता के साथ दिल्ली और देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। तरणजीत सिंह संधू का जन्म 23 जनवरी 1963 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। वह एक प्रतिष्ठित और शिक्षित परिवार से संबंध रखते हैं। उनके दादा तेजा सिंह समुंद्री शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के संस्थापकों में से एक थे और स्वतंत्रता संग्राम से भी जुड़े रहे। वहीं उनके पिता बिशन सिंह समुंद्री गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति थे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। तरणजीत सिंह संधू भारतीय विदेश सेवा के 1988 बैच के अधिकारी रहे हैं और उनका राजनयिक करियर काफी लंबा और प्रभावशाली रहा है। वह संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं और वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। संधू फरवरी 2020 से जनवरी 2024 तक अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने भारत–अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा वह जुलाई 2005 से फरवरी 2009 तक संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में भी कार्यरत रहे। यह अनुभव उन्हें अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक मुद्दों की गहरी समझ प्रदान करता है। राजनयिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद संधू ने 2024 में सक्रिय राजनीति में भी कदम रखा था। उन्होंने पंजाब के अमृतसर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। हालांकि उस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन अब उन्हें दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल का पद राष्ट्रीय राजधानी के प्रशासन में बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पद के माध्यम से केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी भी निभाई जाती है। राजनयिक और प्रशासनिक अनुभव के साथ तरनजीत सिंह संधू की नियुक्ति को राजधानी के शासन और विकास से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि वह अपने अनुभव और दृष्टिकोण के जरिए दिल्ली को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आधुनिक राजधानी बनाने की दिशा में किस तरह काम करते हैं।

# एलपीजी संकट पर संसद में भी बरपा हंगामा

## कांग्रेस बोली- झूठी बातें कर रही सरकारय बढ़ा संकट

(एजेंसी) नई दिल्ली। एलपीजी संकट पर संसद में भी हंगामा बरपा है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सांसद ने इस पर विरोध जताया और सरकार पर आरोप लगाया कि उसकी ओर से गलत जानकारी दी जा रही है। हंगामा ऐसा बरपा की लोकसभा की कार्यवाही को ही स्थगित करना पड़ा। इस बीच कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार एलपीजी की कमी पर झूठ बोल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गैस एजेंसियों को साफ हिदायत दी गई है कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई ना करें। इसके चलते देश में गैस की किल्लत बढ़ी है। ढाबे, रेस्तरां और होटल बंद होने की कगार पर हैं। हालात हर दिन बिगड़ रहे हैं और सरकार जनता से झूठ बोलने में जुटी है। इस मामले पर कांग्रेस ने सदन के बाहर भी प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन में कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल रहीं। वेणुगोपाल ने कहा, गैस एजेंसियों को आदेश दिया गया है कि वे कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई ना दें। हालात दिन प्रति



दिन बिगड़ रहे हैं। सरकार जनता से झूठ बोल रही है। वहीं कांग्रेस के अन्य सांसद जेबी माथेर ने कहा कि यह सरकार एलपीजी गैस के संकट से निपटने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार हमेशा डिमांड और सप्लाई का सिद्धांत बताते हुए महंगाई बढ़ने को जस्टिफाई करती रही है। उन्होंने कहा कि पहले हवाई किरायों में तेजी से इजाफा हुआ। इसे रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं हुए और सरकार ने इससे पूरी तरह पल्ला ही झाड़ लिया। एयरलाइंस ने मनमाने तरीके से दामों में इजाफा किया। दरअसल एलपीजी को लेकर संकट ऐसा गहरा गया है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में पैनिक के हालात हैं। एलपीजी की अब कालाबाजारी हो रही है। ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो गैस की सप्लाई पर्याप्त ना होने की शिकायत कर रहे हैं। बेंगलुरु, चेन्नै, मुंबई और दिल्ली समेत देश के ज्यादातर शहरों में रेस्तरां और होटल संकट से गुजर रहे हैं। उनका कहना है कि हमारे पास एलपीजी की कमी है। ऐसी स्थिति में हम सेवाएं नहीं दे सकते। यही नहीं इसका असर गली–गली में दिख रहा है और चाय तक के दामों में इजाफा हो गया है। विपक्ष का कहना है कि अभी तो सरकार ने कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पर ब्रेक लगाया है। यदि ऐसी ही स्थिति जारी रही तो फिर घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई भी बाधित होगी। बता दें कि सरकार ने एलपीजी संकट से निपटने के लिए एस्मा लागू कर दिया है। इसके तहत सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडरों और सीएनजी को प्राथमिकता में रखा है। वहीं उद्योगों को मिलने वाली गैस और कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई थोड़ी घटाने की बात कही गई है।

### प्रियंका गांधी का मोदी सरकार पर हमला: कहा- एलपीजी की किल्लत नीतियों का नतीजा

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश मेंरसोई गैस



एलपीजी की कथित किल्लत मोदी सरकार की नीतियों का नतीजा है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर जनता कितना बर्दाश्त करेगी? लोकसभा सदस्य ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में हर चीज के दाम बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा, लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं और अब एलपीजी के लिए जूझ रहे हैं। यह मोदी सरकार की नीतियों का नतीजा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर सदन में इन मुद्दों पर चर्चा होती तो अच्छा होता और सदस्य वहां जनता के सवाल उठा पाते।

# संजय सिंह का पीएम मोदी पर गंभीर आरोप: कहा-सरकार ने देश में खड़ा किया गैस संकट

(एजेंसी) नई दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सरकार पर देश में गैस संकट खड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने आज पूरे देश को लाइन में खड़ा कर दिया है। उच्च सदन में ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा को आगे बढ़ते हुए आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने सरकार से प्रश्न किया कि आज पश्चिम एशिया में अमेरिका–इजराइल और ईरान के बीच जो युद्ध चल रहा है तो आप (प्रधानमंत्री) क्यों इजराइल के पक्ष में क्यों खड़े हो गए? उन्होंने कहा कि आज गैस संकट भुगतना पड़ रहा है, पूरा देश लाइन में खड़ा है, शहर लाइन में खड़ा है, गांव लाइन में खड़े हैं..होटल बंद हो रहे हैं। गुजरात के मोरवी में टाइल्स की फैक्टरी बंद हो रही हैं। आप सदस्य ने कहा कि आज भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस के 21 करोड़ कनेक्शन हैं तथा गैस की किल्लत होने से ग्रामीण क्षेत्रों पर भी दबाव पड़ रहा है। सरकार ने जब विकसित भारत की परिकल्पना की तो उसमें गांवों को कहां रखा गया है, यह बताया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2026–27 के लिए जो बजट पेश किया है, उसका मात्र 3.6 प्रतिशत ग्रामीण विकास के लिए आवंटित किया गया है, जो बताता है कि सरकार की गांवों के प्रति क्या सोच एवं मंशा है। सिंह ने कहा कि सरकार जल जीवन मिशन का



ढिंढोरा पीट रही है और उस पर लाखों करोड़ रूपये खर्च कर चुकी है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत पाइप बिछाने के लिए गांव की सड़कें खोद कर उन्हें बर्बाद किया जा रहा है। जल जीवन मिशन जन जीवन को अस्त–व्यस्त कर रहा है। इस मिशन के नाम पर करोड़ों रूपये की पानी की जो टंकियां बनायी गयीं, उनकी हालत आज क्या है, यह सरकार को जाकर देखना चाहिए। कई टंकियां तो उद्घघाटन से पहले ही उखड़ गईं। मनरेगा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं और यह सरकार सत्ता में आई है तब से किसी भी साल में इस योजना के तहत लोगों को 50 दिन से अधिक रोजगार नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने मनरेगा को मारने का काम किया है। सिंह ने कहा कि मनरेगा की जगह वीबी जी राम जी योजना को संसद से मंजूरी दिलवा कर अब इसके तहत राज्यों पर 40 प्रतिशत की आर्थिक भागीदारी डाल दी गयी है जबकि बहुत सी राज्य सरकारें घाटे में चल रही हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि अब इस योजना के तहत 125 दिन का रोजगार देने का वादा कैसे कर दिया गया है जिस पर केंद्र का हिस्सा दो लाख करोड़ रूपये बैठता है जबकि बजट में इसके लिए 88 हजार करोड़ रूपये का ही प्रावधान किया गया है। आप सदस्य ने कहा इससे स्पष्ट है कि सरकार की मंशा ही साफ नहीं है कि गांव गांव तक रोजगार गारंटी की योजना चल सके। उन्होंने केंद्र पर राज्यों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया और कहा, आप (केंद्र सरकार) पंजाब के ग्रामीण विकास का आठ हजार करोड़ रूपये मारकर बैठे हैं। आप पंजाब के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि पंजाब में बीते बरस जब अभूतपूर्व बाढ़ आयी तो केंद्र सरकार ने राज्य की कोई मदद नहीं की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी पी सुनीर ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत का ग्रामीण क्षेत्र आज कई समस्याओं का सामना कर रहा है जिनमें बेरोजगारी, बढ़ती असमानता और कृषि क्षेत्र का संकट शामिल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मनरेगा एक जीवन रेखा के समान बन गयी थी, किंतु इस योजना के तहत किए जाने वाले भुगतान में विलंब करके इस योजना को निष्प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से वीबी जी राम जी योजना के तहत भुगतान शीघ्र करने का सुझाव दिया ताकि इस योजना के तहत मजदूरों को तुरंत मजदूरी मिल सके।

# बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में बड़ा फैसला, गैर सनातनियों का प्रवेश वर्जित

(एजेंसी) देहरादून। उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। द्विवेदी ने बताया कि यह निर्णय अगले माह शुरू





प्रवेश वर्जित रहेगा। मंदिर समिति के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की व्यवस्था आदि शंकराचार्य के समय से ही है और भारतीय संविधान भी धार्मिक स्थलों के प्रबंधन का अधिकार देता है। द्विवेदी ने कहा, बदरीनाथ और केदारनाथ धाम कोई पर्यटक स्थल नहीं बल्कि आस्था के केंद्र हैं। ये वैदिक केंद्र हैं जिनकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक संप्रदाय को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार देता है। बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल और केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे। चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से होगी, जब गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे।

# पश्चिम एशिया की स्थिति और रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा हो : खरगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, श्मोदी सरकार के नकली सूत्र आधारित आश्वासन उसकी पूर्ण अक्षमता को उजागर करते हैं। पश्चिम एशिया में आसन्न युद्ध के बारे में पूर्वानुमान था। फिर भी सरकार ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए कुछ नहीं किया। अब संकट गहराता जा रहा है और आम लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईंधन की कमी से कृषि और उर्वरक आपूर्ति प्रभावित होने से सबसे पहले किसानों को



नुकसान उठाना पड़ रहा है, रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर का सीमित वितरण, गैस भरवाने के लिए लंबी कतारें, वाणिज्यिक सिलेंडर की भारी कमी और घरेलू सिलेंडर के लिए 25 दिन तक की प्रतीक्षा की स्थिति पैदा हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि रेस्तरां और छोटे भोजनालय बंद हो रहे हैं तथा जमाखोरी और कालाबाजारी फैल रही है। उनका कहना है, नोटबंदी के समय हमें बताया गया कि 50 दिनों में नकदी की कमी खत्म हो जाएगी... कोविड महामारी के समय हमें बताया गया कि यह कोई गंभीर आपात स्थिति नहीं है, जबकि देश ने गंगा में शव और विनाशकारी कुप्रबंधन देखा। पश्चिम एशिया युद्ध के समय अब हमें बताया गया है कि भारत के पास 74 दिनों का तेल और ऊर्जा भंडार है। स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि देश को सच जानने का हक है। खरगे ने कहा, हम इस संकट पर संसद में पूरी चर्चा की मांग करते हैं और प्रधानमंत्री को देश को जवाब देना चाहिए।श कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि देश में रसोई गैस की कथित किल्लत मोदी सरकार की नीतियों का नतीजा है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर जनता कितना बर्दाश्त करेगी? अखिल भातीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 60 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 115 रुपये बढ़ा दी। देश के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी जवाबदेही से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को दांव पर लगा दिया और ऐसे में उन्हें देशहित में इस्तीफा देना चाहिए।

# सम्पादकीय

## सऊदी के सब्र का टूटा बांध

इजरायल–अमेरिका और ईरान के जंग में संयुक्त अरब अमीरात भी परेशान है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि ईरान की ओर से यूएई में कई जगहों पर मिसाइल और ड्रोन से हमलों किया गया है। जिससे जन–जीवन प्रभावित हुआ है। जंग कब थमेगी, इस पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन इस बीच भारत में संयुक्त अरब अमीरात के पहले राजदूत हुसैन हसन मिर्ज़ा अलसयेघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। यूएई के राजदूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के एक फोन कॉल से स्थिति शांत हो सकती है।


नफीस जाफरी

इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत हुसैन हसन मिर्जा ने गल्फ देशों के मौजूदा हालात पर कहा, "ईरान का पड़ोसी होने के बावजूद, संयुक्त अरब अमीरात के पास ईरान–इजराइल संघर्ष में शामिल होने का कोई कारण नहीं है। संयुक्त अरब अमीरात दोनों पक्षों के साथ संबंध बनाए रखता है और अब्राहम समझौते के तहत इजराइल के साथ भी उसकी साझेदारी है।" वहीं बात अब सऊदी अरब की तो मालूम हो कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमले किये, इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई बड़े नेताओं की मौत हो गई है। ईरान की टॉप लीडरशिप, जो अमेरिकी की शर्तों को मानने को तैयार नहीं थी, वो खत्म हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का मकसद लगभग पूरा हो गया है। लेकिन अब इसका सबसे बड़ा खामियाजा सऊदी अरब को उठाना पड़ रहा है। सऊदी की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी से लेकर बड़े शहरों पर ईरान ड्रोन और मिसाइल अटैक कर रहा है। सऊदी में इस समय दहशत का माहौल है। ऐसे में ईरान–इजरायल जंग में सऊदी अरब सबसे बड़ा लूजर साबित होता नजर आ रहा है। ऐसे में सऊदी अरब का सब्र का बांध अब टूटता नजर आ रहा है। ईरान को अब सऊदी ने सीधी चेतावनी दे दी है। सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि अगर ईरान ने अरब देशों पर हमले नहीं रोके, तो उसे अब तक का 'सबसे बड़ा नुकसान' उठाना पड़ सकता है। सऊदी अरब का यह बयान ईरानी ड्रोन द्वारा शयाब ऑयल फील्ड को निशाना बनाए जाने के बाद आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, 'देश इस बात की पुष्टि करता है कि ईरानी पक्ष ने इस बयान पर अमल नहीं किया, न तो राष्ट्रपति के भाषण के दौरान और न ही उसके बाद। ईरान ने बिना किसी ठोस वजह के अपना आक्रमण जारी रखा है। ईरानी हमले का मतलब है, 'और अधिक तनाव की स्थिति, जिसका वर्तमान और भविष्य में संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा।' अमेरिका, सऊदी अरब के लिए शील्ड का काम करता रहा है, हमलों से उसे बचाता रहा है. सऊदी अरब अपनी रक्षा जरूरतों के लिए अमेरिका पर ही पूरी तरह से निर्भर है। अमेरिका से इसी करीबी संबंध का उसे अब खामियाजा उठाना पड़ रहा है। ईरान के हमलों में सऊदी अरब को सबसे बड़ा झटका उसके तेल उद्योग को लगा है, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। युद्ध छिड़ने के बाद ईरान ने सऊदी अरब की सबसे महत्वपूर्ण तेल रिफाइनरी रास तानूरा पर कई ड्रोन हमले किए। इससे कुछ समय के लिए इस ऑयल रिफाइनरी को बंद भी रखना पड़ा। रास तानूरा रिफाइनरी सऊदी अरब की तेल निर्यात प्रणाली का अहम हिस्सा है। इसके कुछ समय के लिए बंद होने से न केवल घरेलू उत्पादन क्षमता घटी, बल्कि वैश्विक बाजार में भी तेल की कीमतें उछल गईं। रास तानूरा रिफाइनरी पर हमले के कारण सऊदी अरब को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके साथ ही सप्लाईध्चेन भी गड़बड़ा गई है। हालांकि, ईरान द्वारा दागे गए मिसाइल और ड्रोन सिर्फ रास तानूरा तक सीमित नहीं रहे। सऊदी सरकार ने बताया कि तेहरान ने दुबई, रियाद एयरपोर्ट और अन्य सैन्य और ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाने की कोशिश की, जिससे देश में सुरक्षा जोखिम बढ़ा है। ईरान के कई ड्रोन इंटरसेप्ट किए गए, लेकिन गिरा हुआ मलबा भी आग और नुकसान का कारण बना। सऊदी में इस समय दहशत का माहौल है। कई देशों की विमानन कंपनियां अपने यात्री विमान सऊदी भेजने से कतरा रही हैं। तेल सुविधाओं पर हमलों से सऊदी अरब की ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई और यह स्थिति जितनी लंबी चलेगी, आर्थिक दबाव उतना बढ़ेगा. तेल उत्पादन में कटौती, निर्यात में कमी और वैश्विक मूल्य उतारध्चढ़ाव की प्रत्यक्ष मार सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

## मंडलायुक्त ने राजनैतिक दलों के साथ की समीक्षा बैठक

### - मतदाता पुनरीक्षण कार्यो में पारदर्शिता और सहभागिता पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। मंडलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि वर्तमान पुनरीक्षण अभियान का मुख्य आधार 01 जनवरी 2026 की तिथि है। इस तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के पात्र हैं। अभियान के दौरान आयोजित होने वाले विशेष कैंपों और घर–घर सर्वे की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे, विशेषकर युवा और महिला मतदाता। मंडलायुक्त द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायतों को निर्देशित किया गया कि जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का सत्यापन निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत करें किसी भी दशा में आवेदन लंबित न रहे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। दावा और आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। मंडलायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि के पूर्व ही सभी गतिविधियों को पूर्ण कराने का प्रयास करें। मंडलायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची अनिवार्य है। इसमें राजनैतिक दलों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंडलायुक्त ने राजनैतिक दलों से अपील की कि इस महत्वपूर्ण कार्य में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि जनपद में 06 जनवरी 2026 तक पुरुष मतदाता 777782 एवं महिला मतदाता 635301 तथा 44 तृतीय लिंग मतदाता इस प्रकार कुल 1413127 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि सेवारत मतदाता की कुल संख्या 4600 जिसमें पुरुष 4465 एवं महिला 135 हैं। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी दिनेश, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहाड़ी देश नेपाल की सियासत में हुआ ऐतिहासिक बदलाव


गुलफिशा खान

नेपाल की सियासत इतिहास की सबसे बड़ी करवट ले रही है। नेपाल में पहली बार ऐसा हो रहा है जब कोई नई नवेली पार्टी सरकार बनाने जा रही है और ये साफ हो गया है कि अब नेपाल में बालेन शाह के राज का जोरदार आगाज होने जा रहा है। नेपाल वो देश जहां दशकों से वही पुराने चेहरे, वही पुरानी पार्टियां सत्ता के शिखर पर काबिज थीं... लेकिन इस साल एक ऐसा मोड़ सामने आया जिसने पूरे नेपाल की सियासत की दिशा और दशा बदलकर रख दी है... एक सिंगर... इंजीनियर और काठमांडू के पूर्व मेयर बालेंद्र शाह, जिनको पूरा नेपाल 'बालेन' कहकर पुकारता है... उन्होंने नेपाल की सियासत में धमाकेदार डेब्यू करते हुए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लैंडस्लाइड जीत की ओर ले गया। रैपर से नेता बने बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी लैंडस्लाइड जीत मिली है... जेन–जी के फेवरेट बालेन शाह की सुनामी के आगे केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन और पुष्प कमल दहल प्रचंड की नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी टिक नहीं सकी। बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के जीते हुए सांसदों में उत्साह है। उन्होंने साफ किया है कि बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। महज 35 साल के बालेन शाह ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई नागपुर से पूरी की। और वो पढ़ाई के साथ साथ अपनी अलग पहचान रैपर के तौर पर बनाने में कामयाब रहे। बालेन शाह मई 2022 में जब पहली बार नेपाल की राजधानी काठमांडू के मेयर बने तो ये पूरे नेपाल के लिए चौंकाने वाला नतीजा था। बालेन शाह लोकप्रिय रैपर थे और जब उन्होंने काठमांडू के मेयर चुनाव में खुद को उतारा तभी से उनका नाम चर्चा में आ गया। बालेन बचपन से संगीत प्रेमी थे और नेपाली टोपियों के शौकीन। इनकी पहचान स्ट्रक्चरल इंजीनियर, रैपर, एक्टर, म्यूजिक प्रॉड्यूसर, गीतकार और एक कवि की रही है। नेपाल की सियासत को करीब से जानने वाले विश्लेषकों का कहना है कि युवाओं और जेनजी मतदाताओं का भारी समर्थन बालेन शाह की जीत का सबसे बड़ा आधार बना। जिसने दशकों से सत्ता में रहे पारंपरिक दलों की पकड़ को कमजोर कर दिया है। हालांकि ये नतीजे पहले ही तय हो चुके थे, क्योंकि जिस अंदाज में बालेन शाह ने चुनाव प्रचार में तमाम दिग्गज नेताओं के खिलाफ हुंकार भरी थी, उससे ये साफ हो गया था कि अब नेपाल में बालेन की सुनामी आने



वाली है। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में ये भी साफ कर दिया था कि नेपाल की जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है और बालेन खुद नेपाल की सत्ता को संभालने के लिए भी तैयार हैं। बालेन शाह खुद नेपाल की सड़कों पर उतरे और अपने चुनाव चिन्ह घंटी के साथ प्रचार में ताल ठोकते नजर आए। नेपाल के इतिहास में 36 सालों के बाद किसी एक पार्टी को न सिर्फ पूर्ण बहुमत बल्कि प्रचंड बहुमत मिल चुका है। नेपाली अवाम को राजनीतिक स्थायित्व की उम्मीद है और बालेन शाह से युवाओं समेत पूरी जनता को भरपूर अपेक्षा भी है। नेपाल में 2 तरीकों से सांसदों का चुनाव होता है। पहला है सीधा चुनाव। इसमें संसद की 275 में से 165 सीटों पर सीधे चुनाव होता है। हर इलाके में लोग अपने उम्मीदवार को वोट देते हैं। जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं, वही जीतता है। दूसरा है वोट ▯ के आधार पर सीटें। बाकी बची 110 सीटें पार्टियों को मिले कुल वोट प्रतिशत के आधार पर मिलती हैं। इसमें वोटर किसी उम्मीदवार को नहीं बल्कि किसी पार्टी को वोट देती है। पूरे देश में पार्टी को जितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, उसी हिसाब से उन्हें संसद में सीटें मिलती हैं। इन दोनों ही सिस्टम में बालेन शाह की सुनामी चली। बालेन शाह के पास भले ही जनता का भरपूर समर्थन है...लेकिन उनके सामने चुनौतियों का भी अंबार लगा है लेकिन जिस अंदाज में उन्हें बंपर वोट मिले हैं। उससे तो ये साफ हो गया है कि नेपाल की जनता का भरोसा जीतने में बालेन शाह कामयाब हो चुके हैं, लिहाजा अब उन्हें युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। नेपाल ने अपना नेता चुन लिया है। चुनाव परिणामों से साफ है कि बालेन शाह जनता की पहली पसंद हैं। मतलब ये कि बालेन शाह नेपाल के नए प्रधानमंत्री होंगे। ये करिश्मा हुआ है राज्य में ओली सरकार को उखाड़ फेंकने वाली जेनजी क्रांति के कुछ महीनों बाद। बालेन रैपर से राजनेता बन ऐसे चमके जिसके बारे में शायद किसी ने सोचा तक नहीं था। नेपाल में चार बार के प्रधानमंत्री ओली को हराकर सत्ता हासिल करना आसान काम नहीं था। बालेन की पार्टी आरएसपी ने आम चुनावों में बहुमत हासिल कर लिया है। नेपाल में जो भी हो रहा है वह बांग्लादेश के बिल्कल उलट है। वहां पर छात्रों की क्रांति से मौजूदा सरकार को गिरा दिया था। लेकिन उसके बाद हुए चुनावों में पिछली सरकार का प्रमुख विपक्षी दल सत्ता में वापस लौट आया। बांग्लादेश में नवगठित छात्र दल, नेशनल सिटिजन्स पार्टी कोई खास प्रभाव नहीं डाल सका। नेपाल और बांग्लादेश, दोनों ही देश एक–दूसरे से बहुत दूर नहीं हैं। लेकिन दोनों ही देशों में हाल ही में हुए चुनावों के नतीजों ने बिल्कुल अलग परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। बांग्लादेश जब यह जानने की कोशिश कर रहा है कि उनका छात्र आंदोलन नेपाल में हुए जेनजी आंदोलन जैसी सफलता क्यों नहीं हासिल कर पाया। इसकी वजह क्या रही। बांग्लादेश और नेपाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के पीछे की वजह लगभग एक जैसी थी। दोनों ही देशों में विरोध का मकसद मौजूदा व्यवस्था को बदलना था। बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन जमात समर्थित छात्र शिविर जैसी ताकतों ने शुरू किया था, जिसका लक्ष्य था सत्ताधारी सरकार को हटाना. बात अगर नेपाल की करें तो वहां हुए विरोध प्रदर्शन का मकसद भी व्यवस्था को उखाड़ फेंकना था। बालेंद्र शाह जैसे नेता इसी वजह से उभरे। वह नेपाल में एक नया विकल्प बन गए, जिसे जनता ने स्वीकारा भी। अब वह नेपाल के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

# ट्रंप की बड़ी "कूटनीतिक हार" है मुजतबा खामेनेई का सुप्रीम लीडर बनना!


फरीद वारसी

अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मुजतबा अली खामेनेई चर्चाओं में हैं। दरअसल, अब उन्हें इजरायल की तरफ से धमकियां मिल रही है। इजरायल उन्हें जान से मारना चाह रहा है। मुजतबा अली खामेनेई अयातुल्लाह खामेनेई इतने खास क्यों है। और उनकी पहचान किस रूप में है। चलिए डालते हैं उस पर एक नजरः–मुजतबा का जन्म 1969 में मशहद में हुआ था। वह अली खामेनेई के दूसरे सबसे बड़े बेटे हैं। उनके पांच भाई–बहन हैं। वह उस समय बड़े हुए जब उनके पिता ईरान के पूर्व शाह मोहम्मद रजा पहलवी के खिलाफ बोलने वाले एक प्रमुख धार्मिक नेता बन रहे थे। 1979 की इस्लामी क्रांति ने उनके परिवार की स्थिति पूरी तरह बदल दी और उन्हें नए ईरानी शासन के केंद्र में ला दिया। बाद में परिवार तेहरान चला गया। वहां मुजतबा ने अलवी हाई स्कूल में पढ़ाई की, जो शासन से जुड़े लोगों को तैयार करने के लिए जाना जाता है। इसके बाद उन्होंने कोम में रूढ़िवादी धर्मगुरुओं के साथ धार्मिक पढ़ाई की। हालांकि उन्होंने कई दशक तक धार्मिक शिक्षा के माहौल में समय बिताया, लेकिन वह अभी तक अयातुल्लाह के पद तक नहीं पहुंचे हैं। ईरान के संविधान के अनुसार सुप्रीम लीडर का उच्च धार्मिक दर्जा होना अपेक्षित है। इसलिए मुजतबा की धार्मिक रैंक लंबे समय से वरिष्ठ धर्मगुरुओं के बीच बहस का विषय रही है। ईरान–इराक युद्ध के दौरान मुजतबा हबीब बटालियन में शामिल थे। वहां उनकी पहचान ऐसे लोगों से हुई जो बाद में ईरान की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे। भले उन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा और न ही सरकार में कोई आधिकारिक पद संभाला, लेकिन अंदरूनी सूत्र लंबे समय से उन्हें सुप्रीम लीडर के कार्यालय में एक प्रभावशाली व्यक्ति और "द्वारपाल" के रूप में बताते रहे हैं। उनकी तुलना अक्सर उस भूमिका से की जाती है जो धर्मगुरु अहमद खुमैनी ने ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर रूहोल्लाह खुमैनी के समय निभाई थी। विश्लेषकों का मानना है कि उनका प्रभाव मुख्य रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ उनके करीबी संबंधों से आता है। यह संगठन ईरान की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा नीति में बहुत ताकतवर माना जाता है। 2019 में अमेरिका ने मुजतबा पर प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका का आरोप था कि अली खामेनेई ने अपनी कुछ शक्तियां अपने बेटे को सौंप दी थीं और वह बिना किसी सार्वजनिक जवाबदेही के आधिकारिक रूप से फैसले लेने लगे थे। सुधारवादी नेताओं और कुछ विदेशी सरकारों ने मुजतबा पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई का समर्थन करने का आरोप भी लगाया है। हालांकि ईरानी सरकार इन आरोपों को हमेशा खारिज करती रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार मुजतबा के पास बड़े पैमाने पर निवेश का नेटवर्क है, लेकिन उनकी कुल संपत्ति कितनी है यह सार्वजनिक नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि उन्होंने दुनिया के कई देशों में संपत्तियों का बड़ा नेटवर्क बनाया और अरबों डॉलर की रकम पश्चिमी बाजारों में निवेश की। ध्यान देने वाली बात यह है कि अली खामेनेई ने अपने संभावित उत्तराधिकारियों के रूप में तीन वरिष्ठ धर्मगुरुओं का नाम सोचा था और उनमें उनके बेटे का नाम शामिल नहीं था। इसलिए अगर पिता के बाद बेटा सुप्रीम लीडर बनता है तो यह इस्लामी गणराज्य ईरान की उस मूल सोच को चुनौती देगा जिसमें वंशानुगत शासन को अस्वीकार किया गया था। अब यह देखना



महत्वपूर्ण होगा कि क्या वरिष्ठ धर्मगुरु और सुरक्षा तंत्र मुजतबा के समर्थन में एकजुट होते हैं या नहीं। इसी से तय होगा कि सुप्रीम लीडर के रूप में उनका चयन स्थायी रहेगा या फिर इसके खिलाफ अंदरूनी विरोध खड़ा होगा। वहीं इससे पूर्व अमेरिका और इजरायल के हमले में 28 फरवरी को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इसके बाद मिडिल ईस्ट में एक नई जंग शुरू हो गई है। जंग के 10 दिन के भीतर ही ईरान ने नया सुप्रीम लीडर चुन लिया है। अब खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को नया सुप्रीम लीडर चुना गया है। लेकिन इसके बाद मिडिल ईस्ट में टेंशन और बढ़ गया है। मुजतबा खामेनेई के चुने जाने के कुछ घंटों के भीतर ही ईरान ने इजरायल और खाड़ी देशों पर नए सिरे से हमले शुरू कर दिए हैं। बहरीन की तेल रिफाइनरी और सऊदी की ऑयल फील्ड्स को निशाना बनाया गया है। इसका नतीजा ये हुआ कि कच्चा तेल और महंगा हो गया। मुजतबा खामेनेई का सुप्रीम लीडर चुनाव अमेरिका के लिए हार माना जाता है। इससे ईरान ने अमेरिका को आर–पार की जंग के संकेत दे दिए हैं। ईरान ने किसी भी तरह के समझौते के बजाय टकराव का रास्ता चुनते हुए मुजतबा खामेनेई को सुप्रीम लीडर नियुक्त किया है। जानकारों का मानना है कि अमेरिका के लिए यह एक बड़ी कूटनीतिक हार है, क्योंकि भारी जोखिम उठाकर किए गए हमले के बाद भी व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं आया। जानकारों का मानना है कि मुजतबा का चुना जाना दिखाता है कि ईरान सिर्फ और सिर्फ बदला चाहता है। अब तक ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई थे लेकिन अब उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद को संभालेंगे। मुजतबा को अपने पिता से ज्यादा कट्टर माना जाता है। अली खामेनेई एक ग्रैंड अयातुल्लाह थे और उनकी सत्ता क्रांतिकारी विचारधारा और दशकों के राजनीतिक अनुभव पर टिकी थी जबकि मुजतबा को सुरक्षा तंत्र की उपज माना जाता है। वे होजतोलेस्लाम रैंक के हैं, जो अयातुल्ला से एक पायदान नीचे है। उनकी ताकत उनके भाषणों में नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे बनाए गए नेटवर्क में है। अली खामेनेई सार्वजनिक रूप से सक्रिय थे और देश की नीतियों का चेहरा थे। मुजतबा अपने पिता के गेटकीपर कहे जाते थे। उन्होंने सुप्रीम लीडर के दतर को एक कमांड हब में बदल दिया, जो सेना और अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण रखता है। उन्होंने शायद ही कभी सार्वजनिक भाषण दिए हैं। अली खामेनेई ने आईआरजीसी को अपने नियंत्रण में रखा था और वह सेना के ऊपर थे. माना जा रहा है कि मुजतबा को आईआरजीसी ने सुप्रीम लीडर बनाया है। ऐसे में वह कट्टरपंथी जनरलों पर ज्यादा निर्भर हो सकते हैं। मुजतबा अपने पिता से भी ज्यादा कट्टरपंथी माने जाते हैं। उन्होंने पश्चिमी देशों के साथ परमाणु समझौतों और सुधारवादियों का हमेशा कड़ा विरोध किया है।

# सरकारी कर्मचारी कब से कर्मयोगी होने लगे!

हरिशंकर व्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक नया जुमला बोला। उन्होंने एआईओ श्मानक्य की बात कही। पहले भी नरेंद्र मोदी की सरकार यही काम करती रही है। ऐसा लगता है कि सरकार की पूरी टीम इसी काम में लगी रहती है कि कैसे हिंदी, अंग्रेजी और जरुरत हो तो उर्दू के शब्दों के पहले अक्षर लेकर एक शब्द बनाया जाए। कुछ दिन पहले ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी कानून बना। सोचें, कितनी मेहनत लगी होगी इस कानून को जी राम जी नाम देने में। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू के शब्द एक साथ शामिल किए गए।

उसी तर्ज पर श्मानक्य का जुमला प्रधानमंत्री ने बोला है। यह एक हिंदी शब्द है, जिसके अंग्रेजी अक्षरों एमएएनएवी से बना कर कुछ मैसेज देने की कोशिश की गई। इसमें एम फॉर मोरल यानी नैतिक, ए फॉर अकाउंटेबिलिटी यानी जवाबदेही, एन फॉर नेशनल सॉवरेनिटी यानी राष्ट्रीय संप्रभुता, ए फॉर एक्सेसिबल यानी सुगम और वी फॉर वैलिड यानी वैध। ऐसा लगता है कि पहले तय किया गया कि एआई का मानव बनाना है और फिर मानव की अंग्रेजी स्पेलिंग के अक्षरों के आधार पर कुछ शब्दों का चयन करके इसे ऐसे प्रस्तुत किया गया, जैसे कोई बड़ी दार्शनिक बात हो। ध्यान रहे अमेरिका के जिन टेक दिग्गजों ने 10 साल पहले एआई की कल्पना की थी और उसे मूर्त रूप दिया तो उनको कभी इस तरह के जुमले गढ़ने की जरुरत नहीं पड़ी। उन्होंने अपने विचार को धरातल पर उतारा। लेकिन भारत के पास एआई के क्षेत्र में देने के लिए नया कुछ नहीं है तो श्मानक्य का जुमला दे डाला।

इस सम्मेलन में हिस्सा लेने आए गूगल के सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मुलाकात से बाहर निकले तो मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण देगी। यह काम दशकों से हो रहा है। अमेरिका और यूरोप के देश तकनीक बनाते हैं और उसे भारत में बेचने से पहले भारत को लोगों को उसका प्रशिक्षण देते हैं। ताकि वे उसके उपयोक्ता बन सकें। य़ही काम कंप्यूटर और ऑपरेटिंग सिस्टम के मामले में 40 साल पहले हो रहा था और अब एआई के मामले में हो रहा है। लेकिन यहां भी प्रधानमंत्री की टीम जुमला उछालने से बाज नहीं आई। गूगल के पेशेवर भारत सरकार के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे और उस परियोजना का नाम श्कर्मयोगीय होगा। सोचें, भारत के सरकारी कर्मचारी कब से श्कर्मयोगीय होने लगे! ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों से आम नागरिकों की शिकायत यह रहती है कि वे कामचोर होते हैं और रिश्वत लेते हैं। तो क्या अब एआई से कैसे कामचोरी करें और कैसे रिश्वत लें इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी? यह भी सवाल है कि जब भारत विश्वगुरू है तो अमेरिका की कंपनी के लोग भारत के कर्मचारियों को क्यों ट्रेनिंग देंगे? कायदे से तो मोदीजी को भारत से लोगों को भेजना चाहिए था, जो अमेरिका और यूरोप के लोगों को ट्रेनिंग देंगे। दुनिया हमको सिखाएगी एआई चलाना और जबकि हम अपने को विश्वगुरू कहते हैं!

संसद के बजट सत्र में एक दिन राज्यसभा की कार्यवाही में कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने इस मामले में अच्छा कहा। राजीव शुक्ला ने कहा कि गुरू होने के लिए शिष्य की जरुरत होती है। लेकिन भारत के पास शिष्य कहां हैं? उन्होंने याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ कई देश खड़े रहे लेकिन भारत के साथ एक भी देश खड़ा नहीं हुआ। यह कैसा विश्वगुरू देश है, जिसके साथ जरुरत पड़ने पर कोई देश खड़ा नहीं हो? बहरहाल, जी राम जी, मानव, कर्मयोगी जैसे जुमलों की भारत में कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यालय को तीर्थ बना लिया। अब पीएमओ का नाम सेवा तीर्थ है और वहां लिखा हुआ है, नागरिक देवो भव। यह मामूली बात है कि पांच किलो अनाज और पांच सौ रुपए का मासिक अनुदान पाने वाले नागरिक भी मोदीजी के भारत में देव का दर्जा रखते हैं।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

## – साथियों के साथ काम के लिए जा रहा था पंजाब

न्यूज वाणी ब्यूरो /नगीना, बिजनौर। लखनऊ–चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह नगीना क्षेत्र के पास पुरैनी रेलवे स्टेशन के नजदीक हुई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार लखनऊ के कैसरगंज निवासी रक्षाराम (35) अपने दो साथियों के साथ लखनऊ.चंडीगढ़ एक्सप्रेस से पंजाब की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह करीब छह बजे जब ट्रेन नगीना से पहले पुरैनी रेलवे स्टेशन के पास पहुंची, तभी रक्षाराम बोगी के दरवाजे पर खड़े थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिर गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद साथियों ने तुरंत उन्हें उठाकर नगीना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रक्षाराम अपने दो अन्य साथियों के साथ टाइल्स लगाने का काम करने के लिए अमृतसर जा रहे थे। अचानक हुई इस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अवैध कश्लोनियों पर बुलडोजर, देरी पर पूर्व सांसद ने उठाए सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। तालिब बंधुओं की अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को बिजनौर से सटे गांव काजीवाला में तहसील प्रशासन की टीम ने जेसीबी चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए। इससे पहले सोमवार को भी अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई थी। बताया जा रहा है कि रोबिन चौधरी पर हुए हमले के बाद से तालिब बंधुओं के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज हुई है। इस बीच पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने कार्रवाई में हुई देरी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच चुका है और अवैध कार्यों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उनका कहना है कि यह कार्रवाई पहले हो जानी चाहिए थी। पूर्व सांसद ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो वह मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे मामले की शिकायत करेंगे।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों की ठगी, कार्यालय पर लोगों का हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो /नजीबाबाद, बिजनौर। महाराष्ट्र की ड्रीम सन शाइन नाम की कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर क्षेत्र के लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी की जानकारी मिलने पर गुस्साए लोगों ने हर्सवाड़ा क्षेत्र में स्थित कंपनी के स्थानीय कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और ताला तोड़कर अंदर रखा सामान अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि जलालाबाद क्षेत्र के कुछ लोग करीब एक साल से ड्रीम सन शाइन कंपनी में पानी के कारोबार के नाम पर लोगों से निवेश करवा रहे थे। कंपनी की ओर से प्रति लाख रुपये पर हर महीने चार से पांच हजार रुपये देने का लालच दिया जा रहा था, जिससे कई लोगों ने लाखों रुपये जमा करा दिए। रमजान से पहले कंपनी ने भुगतान बढ़ाकर नौ हजार रुपये प्रति लाख प्रति माह करने का दावा भी किया था। हाल ही में महाराष्ट्र में इसी कंपनी से जुड़ी ठगी का वीडियो वायरल होने और बड़े घोटाले की चर्चा सामने आने के बाद क्षेत्र के निवेशकों में हड़कंप मच गया। इसके बाद लोग हर्सवाड़ा स्थित कार्यालय पर पहुंच गए और वहां रखे लैपटॉप, फ्रिज, कूलर सहित अन्य सामान उठा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के लोगों के करीब चार से पांच करोड़ रुपये इस कंपनी में फंसे हुए हैं। सीओ नितेश प्रताप सिंह और थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक किसी की ओर से लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 50 करोड़ की क्रिप्टो ठगी करने वाले गिरोह की पांच करोड़ की संपत्ति कुर्क


न्यूज वाणी ब्यूरो /सीतापुर। पुलिस ने निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह की कमर तोड़ दी है। क्रिप्टो एक्सचेंज एप के जरिए उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के निवेशकों को चूना लगाने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते



हुए पुलिस ने अब तक कुल 5 करोड़ 11 लाख रुपये की चल–अचल संपत्ति को धारा 107 के तहत कुर्क (जब्त) कर लिया है। हवाला के जरिए दुबई भेजा निवेशकों का पैसा जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने भोले–भाले निवेशकों से करीब 50 करोड़ रुपये की ठगी की है। ठगी गई इस रकम को क्रिप्टो वॉलेट के माध्यम से हवाला के जरिए विदेश भेजा गया, जहां आरोपियों ने दुबई में संपत्तियां खरीदीं। मामले का खुलासा तब हुआ जब नवंबर 2025 में नवीन चौक निवासी विराट राठौर सहित 25 पीड़ितों ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी कंपनी के सीईओ जयप्रकाश मौर्य, उनकी पत्नी आशा देवी, देवेंद्र, नितिका और दयाशंकर मौर्य ने मिलकर एक संगठित गिरोह बनाया था। आरोपियों ने बॉमबाइट नाम से फर्जी वेबसाइट और ऐप बनाकर लोगों को हर महीने 15 प्रतिशत मुनाफे का झांसा दिया। शुरुआत में कुछ निवेशकों को छोटा रिटर्न दिया गया ताकि वे और बड़े निवेश करें लेकिन बाद में भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया। दो चरणों में हुई कुर्की की कार्रवाई एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में स्वाट, साइबर और कोतवाली नगर पुलिस की टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर संपत्तियों को चिन्हित किया। पूर्व में पुलिस ने 3 करोड़ 30 लाख की संपत्ति कुर्क की थी और बैंक खातों में जमा 51 लाख रुपये फ्रीज किए थे। द्वितीय चरण में ताजा कार्रवाई में उन्नाव जिले के पिछवाड़ा गांव में स्थित जमीन और एक लग्जरी मर्सिडीज कार सहित 1 करोड़ 30 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। सीओ सिटी विनायक भोंसले ने जनता से अपील की है कि किसी भी ऐसी स्कीम के झांसे में न आएं जो गारंटीड भारी रिटर्न का वादा करती हो। निवेश से पहले उसकी वैधता की जांच जरूर करें। यदि आप किसी साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं तो तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें।

# सीएम की माता पर टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो/ गाजीपुर। सेवराई तहसील मुख्यालय पर बुधवार को दर्जनों युवाओं ने किसान नेता भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना अब्दुल्लाह सलीम की त्वरित गिरतारी और उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद युवाओं ने सेवराई एसडीएम संजय यादव को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही गहमर कोतवाली में तहरीर देकर मौलाना अब्दुल्लाह सलीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की भी



मांग की गई। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने कहा कि मौलाना अब्दुल्लाह सलीम द्वारा जारी एक वीडियो बयान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के बारे में अभद्र टिप्पणी की गई है, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी समाज में वैमनस्य फैलाने वाली है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं शिवम सिंह ने कहा कि किसी भी महिला के बारे में इस तरह की आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आरोपित के खिलाफ जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र के युवा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने नारेबाजी करते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं एसडीएम संजय यादव ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर शिवम सिंह, विशाल सिंह, आशुतोष सिंह, श्याम बहादुर सिंह, बिहारी जी सिंह सहित कई युवा मौजूद रहे।

# तहसीलदार की कार्यप्रणाली को लेकर वकीलों का विरोध जारी

## - 20 दिनों से न्यायिक कार्य प्रभावित

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। तहसीलदार धामपुर की कार्यप्रणाली को लेकर बार एसोसिएशन की नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर रखा है, जिसके चलते पिछले करीब 20 दिनों से तहसीलदार कोर्ट में कामकाज प्रभावित है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी और पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह ने बताया कि तहसीलदार धनराज कुमार के कार्यभार संभालने के बाद से तहसील में दाखिल–खारिज सहित कई राजस्व संबंधी कार्यों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि बिना अवैध वसूली के कोई काम नहीं किया जा रहा है, जिससे अधिवक्ताओं और वादकारियों में नाराजगी है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस संबंध में कई बार तहसीलदार से व्यवस्था में सुधार करने का आग्रह किया गया, लेकिन जब स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ तो 2 दिसंबर 2025 को बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में तहसीलदार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त मुरादाबाद, राजस्व परिषद के चेयरमैन और जिलाधिकारी बिजनौर को भेजी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बार एसोसिएशन के अनुसार विभागीय स्तर पर कार्रवाई न होने के कारण 17 फरवरी को दोबारा बैठक आयोजित की गई, जिसमें तहसीलदार की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बहुमत से निर्णय लिया गया कि तहसीलदार न्यायालय के न्यायिक कार्यों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा। इसी निर्णय के तहत अधिवक्ता लगातार कोर्ट का बहिष्कार कर रहे हैं। स्थिति यह है कि कई अधिवक्ताओं ने अपने मामलों की पत्रावलियां तहसीलदार कोर्ट से ट्रांसफर कराकर नायब तहसीलदार कोर्ट में लगवा दी हैं, ताकि वादकारियों के मामलों का निस्तारण हो सके। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि राजस्व परिषद या प्रशासन की ओर से जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे। वहीं दूसरी ओर तहसीलदार धनराज कुमार ने बार एसोसिएशन द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वह न्यायालय का कामकाज नियमित रूप से चलाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन अधिवक्ताओं का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

# पिंकी प्रजापति व नीतू वर्मा को मिला नारी रत्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सिधौली स्थित



स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान में पहल फाउंडेशन द्वारा एक भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज और साहित्य के क्षेत्र में उत.ष्ट योगदान देने वाली दो विलक्षण प्रतिभाओं, कवयित्री पिंकी अरविंद प्रजापति और ग्राम पंचायत अधिकारी नीतू वर्मा को श्नारी रत्न सम्मानश से नवाजा गया। सम्मान और सराहना मंचासीन अतिथियों ने दोनों विभूतियों को पुष्पमालाएं पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उनके संघर्ष और सफलता की कहानियों को महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बताया। समाज की आधारशिला हैं महिलाएंरू प्रो. सुधाकर वर्मा समारोह के मुख्य वक्ता, शिया पीजी कॉलेज (लखनऊ) के प्रोफेसर सुधाकर वर्मा ने अपने संबोधन में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहारू महिलाएं केवल परिवार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज और विकास की आधारशिला होती हैं। जनपद की इन बेटियों का राष्ट्रीय स्तर पर चमकना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उनकी मेहनत समाज को नई दिशा दे रही है। प्रेरणा का स्रोत बनीं प्रतिभाएं नगर पंचायत सिधौली की अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी पहचान खुद बना रही है। उन्होंने सम्मानित महिलाओं को आने वाली पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बताया। गरिमामयी उपस्थिति अध्यक्षतारू सुप्रसिद्ध शिक्षाविद आर.डी. वर्मा। विशिष्ट अतिथिरू एपीओ अर्चना सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत। प्रमुख वक्तारू दिनेश यादव, विनोद रावत और सुरेंद्र कांत मौर्य। कुशल संचालन डॉ. देवेंद्र कश्यप निडर ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नारी शक्ति के इस उत्सव का अभिनंदन किया।

# वैज्ञानिक सोच बढ़ाने को 100 छात्र-छात्राएं वाराणसी रवाना

## - राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शैक्षिक भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। तहसील मुख्यालय स्थित कंपोजिट विद्यालय सेवराई से बुधवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के चयनित छात्र–छात्राओं को एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए वाराणसी रवाना किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों की टीम को उत्साहपूर्वक रवाना किया। एआरपी विज्ञान भदौरा सत्य प्रकाश पांडेय ने बताया कि शासन की इस पहल का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक सोच को विकसित करना है। इसी क्रम में शिक्षा क्षेत्र भदौरा के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से विज्ञान में रुचि रखने वाले 100 छात्र–छात्राओं का चयन कर उन्हें वाराणसी स्थित सब्जी अनुसंधान संस्थान के भ्रमण के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान बच्चे वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे सब्जियों के शोध कार्यों, नई



किस्मों के विकास और आधुनिक खेती से जुड़ी तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इससे विद्यार्थियों को विज्ञान और .षि अनुसंधान के क्षेत्र में नई जानकारी हासिल होगी तथा उनकी जिज्ञासा और समझ में भी वृद्धि होगी। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तेज–तर्रार और विज्ञान में विशेष रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को इस शैक्षिक भ्रमण के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान बच्चों को रास्ते में पड़ने वाले कुछ दर्शनीय स्थलों का भी अवलोकन कराया जाएगा, जिससे उनका शैक्षिक और सामान्य ज्ञान दोनों बढ़ेगा। शासन की ओर से बच्चों के लिए टोपी, टी–शर्ट तथा भोजन की भी व्यवस्था की गई है। करीब 100 छात्र–छात्राओं के साथ लगभग 15 शिक्षक–शिक्षिकाएं भी शैक्षिक भ्रमण के लिए साथ रवाना हुए, जो पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर संतोष सिंह, राजेन्द्र राम, सत्य प्रकाश पांडेय, अवधेश चौबे, हेम कुमार गौंड, स्मृता सिंह, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, प्रेमचंद, वंदना पांडेय, सुष्मिता कुमारी सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में दो दिवसीय गोष्ठी का हुआ समापन

## - मृदा संरक्षण व सब्जियों में लगने वाले रोग के संबंध पर की विस्तृत चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। एकी.त बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दूसरे दिन जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के परिसर में आयोजित दो दिवसीय गोष्ठी/सेमिनार के समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी आशीष कुमार द्वारा सभी अतिथियों तथा अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में .षि विज्ञान केन्द्र, आंकुशपुर, गाजीपुर के वैज्ञानिक डा0 दीपक प्रजापति द्वारा मृदा संरक्षण तथा सब्जियों में लगने वाले रोग से सम्बन्धित विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। डा0 शिवकुमार सिंह, वैज्ञानिक, .षि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0कालेज द्वारा वर्मी कम्पोस्ट तथा फलों एवं सब्जियों में वैल्यू एडीसन के बारे में बताया गया, साथ ही जिला .षि अधिकारी उमेश कुमार, यू0पी0डास्प के परियोजना अधिकारी वी0के0 राय, भूमि संरक्षण अधिकारी जीतलाल गुप्ता के साथ अन्य विभागीय अधिकारियों ने अपने–अपने विभागों के योजनाओं के बारे में .षकों का अवगत कराया गया। स्वामी सहजानन्द फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 के निदेशक रूदप्रताप सिंह द्वारा जनपद के .षकों को जैविक विधि का उपयोग करते हुए गाय के गोबर से बने वर्मी कम्पोस्ट का खेतों में अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कृषकों को अधिक से अधिक नवीन तकनीक अपनाकर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिसमें पॉलीहाउस में उत्पादित होने वाले सब्जियों तथा फूलों को बढ़ावा देकर अपनी आय में



वृद्धि की जा सकती है। कार्यक्रम की समाप्ति के क्रम में जनपद के दस प्रगतिशील .षकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा संस्थाओं द्वारा लगाये गये यंत्रों, मशीनरी के स्टॉलों को मुख्य अतिथि द्वारा अंगवस्त्र तथा प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि, सम्मानित जनपदस्तरीय अधिकारीगण, किसानबन्धु, महिलाओं, विभागीय स्टॉलों, पत्रकार बन्धुओं, फर्मों द्वारा लगाये गये स्टॉलों तथा कार्यक्रम का संचालन कर रहे मृत्युंजय सिंह व अनूप राय का धन्यबाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नो स्मोकिंग डे पर तंबाकू के खिलाफ जगाई जागरूकता का अलख

## - अस्पताल में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिले के घोसी स्थित 100 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय टड़ियाव में बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' के अवसर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, कर्मचारियों, मरीजों और उनके तीमारदारों को तंबाकू और धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा लोगों को तंबाकू त्यागने के लिए प्रेरित किया गया। 11 मार्च 2026 को नो स्मोकिंग डे के अवसर पर 100 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय टड़ियाव, घोसी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम मऊ के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, कर्मचारियों, मरीजों एवं उनके तीमारदारों को तंबाकू सेवन और धूम्रपान से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने तंबाकू सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों, उसके सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों तथा तंबाकू छोड़ने के बाद होने वाले सकारात्मक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कोटपा अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं, उसके प्रावधानों और तंबाकू निषेध नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले जुर्माने के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय टड़ियाव के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश चंद्रा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तंबाकू के दुष्प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद उन्होंने सभी को तंबाकू और धूम्रपान छोड़ने की शपथ दिलाई, जिसमें अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. प्रदीप कुमार (फिजिशियन), डॉ. पी.के. सिंह (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीपक मिश्रा (फिजिशियन), डॉ. मुनजम, डॉ. सुजीत मिश्रा, डॉ. सूरज चौधरी, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के काउंसलर वीरेंद्र यादव, सोशल वर्कर लक्ष्मीकांत दुबे तथा कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहें और अपने परिवार तथा समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें, ताकि एक स्वस्थ और नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

# बरात से पहले दूल्हा लापता, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

न्यूज वाणी ब्यूरो /नहटौर, बिजनौर। करीमपुर मुबारक गांव में मंगलवार को शादी की खुशियां उस समय मायूसी में बदल गईं, जब बरात आने से पहले ही दूल्हा अचानक लापता हो गया। बरात का इंतजार कर रहे वधू पक्ष को जब इसकी जानकारी मिली तो घर में हड़कंप मच गया। करीमपुर मुबारक निवासी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी चांदपुर क्षेत्र के गांव चेहली निवासी विपिन कुमार, पुत्र नरदेव सिंह के साथ तय की थी। मंगलवार को बरात आनी थी, जिसके लिए घर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं और बड़ी संख्या में रिश्तेदार व मेहमान भी पहुंच चुके थे। काफी देर तक बरात न पहुंचने पर जब दूल्हे के परिवार और बिचौलिए से संपर्क किया गया तो पता चला कि दूल्हा विपिन सुबह से ही अपने घर से लापता है। यह खबर मिलते ही शादी वाले घर में खुशी का माहौल चिंता और मायूसी में बदल गया। जयप्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि इस घटना से उनके परिवार को मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अवैध पिस्टल के साथ डॉक्टर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /स्योहारा, बिजनौर। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में मुरादाबाद जिले के छजलैट निवासी एक चिकित्सक को गिरतार कर लिया। आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार गिरतार चिकित्सक डॉ. परवेज मालिक ने हथियार तस्कर गिरोह के सदस्य से करीब 40 हजार रुपये में पिस्टल खरीदी थी। पूछताछ में उसने बताया कि अस्पताल और अपनी सुरक्षा के लिए उसने यह अवैध हथियार लिया था। गौरतलब है कि इससे पहले नगीना, धामपुर और स्योहारा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियार तस्करी से जुड़े आठ आरोपियों को गिरतार किया गया था। उसी गिरोह से पूछताछ के आधार पर डॉक्टर की गिरतारी हुई। सीओ धामपुर अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

## – अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर। कलक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी–अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें



राजस्व, पुलिस, विकास कार्यों, बिजली, पानी और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने एक–एक कर सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने उपस्थित विभागीय कर्मचारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से लेते हुए उनका प्रभावी निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सही तरीके से पहुंच सके।

# ऐतिहासिक चराई मेले में उमड़ी भीड़

## – हुलियरो ने होली मिलकर एक दूसरे को बधाई दी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित बाबा गरीब दास के मंदिर परिसर में आयोजित चराई के मेले में भारी भीड़ उमड़ी। मेले में आए महिलाओं व बच्चों ने शीतला माता के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर



मन्नतें मांगी। मान्यता है कि होली के बाद शीतला माता के मंदिर में पूजन कर बच्चों के निरोगी होने की कामना की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुलियारो ने चौपाई गीत गाए। बाबा गरीब दास के मंदिर पर भक्तों ने प्रसाद चढ़ा कर पूजा अर्चना की। इस दौरान मेले में लगी दुकानों पर महिलाओं एवं बच्चों ने जमकर खरीदारी की। मेले परिसर में लगे झूले पर बच्चों ने झूला झूला। होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, विश्वनाथ त्रिपाठी अनुराग अग्रवाल सचिन गुप्ता राजेश कश्यप देव गुप्ता रचना गुप्ता जगदीश प्रसाद जोशी अनुज सैनी रचित गुप्ता आदि मौजूद रहे। देर रात तक मंदिर परिसर में प्रसाद चढ़ाने वाले भक्तों का हुजूम लगा रहा।

# राशिद अंसारी बने युवा जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। निष्पक्ष पत्रकारिता और सामाजिक मुद्दों को लगातार उठाने वाले पत्रकार राशिद अंसारी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन ने जनपद में संगठन को मजबूत करने के लिए राशिद अंसारी को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। राशिद अंसारी मूल रूप से गाजीपुर के रहने वाले हैं और पत्रकार हैं। उन्होंने हमेशा अपनी पत्रकारिता के माध्यम से जनहित के मुद्दों को बेबाकी से उठाया है। 4 फरवरी 1998 को कानपुर, उत्तर प्रदेश में जन्मे राशिद अंसारी ने अपनी पूरी शिक्षा गाजीपुर से प्राप्त की है। वहीं पत्रकारिता इग्नू से पूरी कर कम उम्र में ही उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए उन्हें कई बार सम्मानित भी किया



जा चुका है अब पत्रकारिता के साथ साथ राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन ने उन्हें युवा जिलाध्यक्ष बनाकर मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। राशिद अंसारी ने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मानवाधिकारों की रक्षा, गरीबों और पीड़ितों की आवाज उठाने तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से लड़ने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि राशिद अंसारी के नेतृत्व में मिशन की गतिविधियां और तेज होंगी और लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

# 16 मार्च को शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग : डीआईओएस



न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम 16 मार्च को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार ने जनपद के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय के कक्षा 9 से 11 के मेधावी विद्यार्थियों को 16 मार्च के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें एवं मेधावी विद्यार्थियों की सूची 13 मार्च 2026 तक जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन पर भेजना सुनिश्चित करें। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि 16 मार्च को जनपद के 100 मेधावी विद्यार्थी राजा बलवन्त सिंह इंजीनियरिंग टेक्निकल कॉलेज, बिचपुरी आगरा में शैक्षिक भ्रमण करेंगे। जिसमें विज्ञान विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों की सूची उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर अतिशीघ्र उपलब्ध करा दीजिये। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## सेंट आरएल हाईस्कूल में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ



न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। एसआरके पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (संयुक्त इकाई) द्वारा बुधवार को ग्राम गाजीपुर के सेंट आर.एल. हाईस्कूल में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) रवि महेश्वरी द्वारा स्वयं सेवकों को झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवकों ने शिविर स्थान पर पहुंच कर वहां साफ–सफाई की और स्थान को सुव्यवस्थित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ ब्रजेंद्र मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर का प्रारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री गया प्रसाद भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य श्री अवधेश भारद्वाज द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत गाया। गया प्रसाद भारद्वाज ने व्यक्ति के जीवन में शिक्षा एवं ज्ञान के महत्व को समझाया साथ ही स्वयंसेवकों को शिविर आयोजित करने के बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष यादव ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप को याद कराते हुए स्वयंसेवकों से कहा कि इस वाक्य को आपको अपनी जीवन शैली में लाना है। कार्यक्रम के मध्य में स्वयंसेवकों को स्वल्प आहार भी वितरित किया गया। प्रथम दिवस शिविर के अंत में कार्यक्रम अधिकारी रितु शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## 12 मार्च से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो / बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च 2026 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 12 से 28 मार्च 2026 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी व मार्च 2026 हेतु प्रति कार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण रू. 18 प्रति किग्रा की दर से किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 28 मार्च 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई–पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## आरोपियों पर मुकदमा दर्ज न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

न्यूज वाणी ब्यूरो / कोपागंज, मऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के निजामुद्दीन पुर गांव में मंगलवार को ईंट भट्ठे मालिक समेत आधा दर्जन लोगों भट्ठे के मजदूर संदीप कुमार को मारे पीटे जाने और बीच–बचाव करने पहुंची पत्नी पूनम को भी आरोपियों द्वारा मारे पीटे जाने की घटना की लिखित तहरीर दिए जाने के चौबीस घंटे बाद भी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार की शाम थाना का घेराव करते हुए हाईवे जाम करने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों से मिली हुई है। आरोप लगाया कि घटना के चौबीस घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक न तो किसी आरोपी को गिरफ्तार किया और नहीं मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने उपरोक्त सभी आरोपितों के खिलाफ मारपीट और एस एसटी अनुसूचित जाति के तहत मुकदमा दर्ज कर करने की मांग की। हालांकि कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी करने के आश्वासन देकर किसी तरह आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। उधर मारपीट में घायल मजदूर संदीप कुमार और उसकी पत्नी को गंभीर हालत देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि मारपीट में घायल संदीप कुमार गांव के ही उदयराज यादव के भट्ठे पर मजदूरी करता है। बताया कि मंगलवार की शाम संदीप ट्रेक्टर से गांव के ही एक व्यक्ति के यहां ईंट गिराने गया था। ग्रामीणों ने बताया कि ईंट गिनवाने से भट्ठा मालिक काफी नाराज था। इसी बात को लेकर भट्ठा मालिक उदय राज यादव और उसके साथ आये आधा दर्जन लोगों ने पहले संदीप कुमार को भट्ठे पर ले जाकर लाठी डंडो से मारा पीटा बल्कि बीच–बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप लगाया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद पुलिस अभी तक कोई कार्यवाई नहीं की।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत टीम कर रही सराहनीय कार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो / गाजीपुर। जिलाधिकारी के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में जनपद की आर.बी.एस.के. टीम सराहनीय कार्य कर रही है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनिहारी पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डा० शम्सुल इस्लाम, डा० उदीशा गुप्ता एवं डॉ. योगेश प्रताप सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा सरकारी विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहद सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अभी तक कटे होठ तथा तालु के कुल 7 बच्चों का आपरेशन निःशुल्क, हेरिटेज हास्पिटल वाराणसी में मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के सफल मार्गदर्शन में किया जा चुका है। इसी क्रम में राजा यादव पुत्र राजकुमार यादव आयु 3 वर्ष ग्राम मोहब्बतपुर का जन्म से ही होठ कटा हुआ था, जिसे चिन्हित करके सर्जरी कराई गई। बच्चा अब पूर्णतः स्वस्थ है। कार्यक्रम के अन्तर्गत 4डी यानी जन्मजात दोष (क्ममिबज), रोग कमियां तथा विकास में देरी जैसी 32 सामान्य स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाया जाता है। इसी प्रकार क्लब फुट (टेढ़े पंजे) के बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में भी चल रहा है।



# बाल विवाह मुक्त जागरूकता रथ को सांसद ने दिखाई हरी झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। बुधवार को ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के सन्दर्भ में जागरूकता बैठक का आयोजन सांसद कृष्णा देवी पटेल की अध्यक्षता में बबेरू आवास में किया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा एवं पृष्ठभूमि रखते हुए संस्था के सचिव श्रवण कुमार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से पूरे भारत वर्ष में संचालित किया जा रहा है। जनपद में ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम को पिछले 2 वर्ष से जनपद में बाल विवाह जागरूकता पर कार्यक्रम संचालित कर रही है। श्रवण कुमार ने यह बताया कि भारत सरकार द्वारा बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु विभिन्न मंत्रालयों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता फैलाकर बाल विवाह की घटनाओं को रोकना एवं ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर 8 मार्च (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस) से कुछ पंचायतों को चिन्हित करके बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण कई बार सरकारी योजनाओं और कानूनों की जानकारी लोगों तक नहीं पहुँच पाती। ऐसे में जागरूकता हेतु बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा एक सशक्त माध्यम के रूप में उभरती है। बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा के माध्यम से गाँव–गाँव जाकर जनसंवाद, पोस्टर, पम्पलेट, ऑडियो संदेश, शपथ कार्यक्रम तथा सामुदायिक बैठकें आयोजित की जा रही है जिसमें लोगों को सरकार द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबरो जैसे 112, 1098, 1930, 1076, 1090, व 108 व सरकारी योजनाओं को लेकर जानकारी देना जिससे अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुँच सके। जागरूकता रथ यात्रा सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। यह अभियान केवल कानून की जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में मानसिकता परिवर्तन, बालिकाओं के प्रति सकारात्मक .ष्टिकोण विकसित करने तथा शिक्षा और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महोदया ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जो बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास में बाधा उत्पन्न करती है। इसे समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभानी होगी और सांसद जी द्वारा बाल विवाह न करने, न शामिल होने के सन्दर्भ में उपस्थित सभी लोगों को शपथ भी दिलाई गई सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती केशकली जी ने कहा प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या पुलिस को 112 पर दें। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि रथ यात्रा के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जनजागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति समुदाय को जागरूक करना, बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना। यह रथ यात्रा आगामी दिनों में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर बाल विवाह उन्मूलन के लिए



जनसहभागिता सुनिश्चित करेगी। बैठक के पश्चात् बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार बनाने हेतु रथ यात्रा को बबेरू आवास से सांसद .ष्णा देवी पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह सहित राम करन आदर्शी, सुंदर लाल सुमन, सुशील मिश्र बार एशोशियशन अध्यक्ष संस्था के कार्यकर्ता विनोद कुमार, सूरज भान, शिवम यादव व गणमान्य नागरिक दादू लाल, अरविजय, संतोष कुमार, राम नरेश यादव उपस्थित रहे।

# पुलिस पर रिश्वत लेकर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप

## - पीड़ित ने मुख्यमंत्री व पुलिस महानिरीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो
नानपारा, बहराइच। जनपद श्रावस्ती के थाना हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र की पुलिस पर रिश्वत लेकर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। मामले में पीड़ित ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल को प्रार्थना पत्र देकर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और न्याय दिलाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटा भुलौरा निवासी राजेन्द्र कुमार वर्मा ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनके भाई शिवपूजन वर्मा 20 जून 2025 को किसी निजी कार्य से गिरंट मार्ग से लौट रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान हरदत्तनगर गिरंट पुलिस द्वारा वाहन के कागजात दिखाने को लेकर उनसे कहासुनी हो गई। पीड़ित का आरोप है कि उसी रात लगभग एक बजे थाना हरदत्तनगर गिरंट के उपनिरीक्षक अंकुर वर्मा आठ–दस पुलिसकर्मियों के साथ सरकारी व निजी वाहनों से उनके घर पहुंचे और पूरे घर की तलाशी ली, लेकिन कोई भी अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद पुलिसकर्मी राजेन्द्र वर्मा तथा उनके भाई शिवपूजन वर्मा को पकड़कर ले गए और उनकी एक स्कूटी भी अपने साथ उठा ले गए। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि अगले दिन दोनों भाइयों को छोड़ने के बदले पांच लाख रुपये की मांग की गई। बाद में कथित रूप से एक स्थानीय व्यक्ति के माध्यम से लगभग एक लाख तीस हजार रुपये दिए जाने पर राजेन्द्र वर्मा को छोड़ दिया गया, जबकि उनके भाई को छोड़ने का आश्वासन दिया गया। हालांकि पीड़ित का आरोप है कि उसी रात करीब 2.45 बजे शिवपूजन वर्मा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 137/2025 धारा 8/22 दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। राजेन्द्र वर्मा का कहना है कि उन्होंने इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की, जिस पर जांच के बाद उपनिरीक्षक अंकुर वर्मा को निलंबित कर दिया गया। इसके बावजूद उनके भाई शिवपूजन वर्मा अब भी जेल में बंद हैं और परिवार न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और पुलिस महानिरीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा उनके भाई को न्याय दिलाने की मांग की है।

# सामौर बाबा महोत्सव में कन्हैया मित्तल के भजनों से झूमा सिरसागंज

## - भक्तिमहोत्सव में पहुंचीं मंत्री बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह के प्रयासों को सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। सिरसागंज के ग्राम करहरा स्थित प्रसिद्ध सामौर बाबा



धाम पर चल रहे सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव में मंगलवार को आयोजित भजन संध्या अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुई। इस संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज से श्रद्धालुओं के दिलों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर भक्तों ने तालियां बजाकर और भक्ति में डूबकर पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य उपस्थित रहीं। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सबसे यादगार और आकर्षक आयोजन सिर्फ सिरसागंज और फिरोजाबाद ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों और कस्बों से भी श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ी। भक्तजन जो राम को लाए हैं और भगवान खाटू श्याम व भगवान राम की भक्ति में रचे गीतों पर झूम उठे। पूरा धाम भक्ति की अद्भुत ऊर्जा से सराबोर हो गया। आयोजकों ने इस भजन संध्या को महोत्सव का सबसे यादगार और आकर्षक आयोजन बताया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे अद्भुत, प्रेरणादायक और दिल को छू लेने वाला अनुभव बताया। मंत्री जयवीर सिंह के योगदान की बेबी रानी मौर्य ने की सराहना बेबी रानी मौर्य ने कहा कि सामौर बाबा महोत्सव में भक्तों की इतनी बड़ी संख्या देखकर मैं अत्यंत प्रभावित हूं। यह आयोजन न सिर्फ भक्ति और संस्.ति को आगे बढ़ाता है, बल्कि समाज में सामूहिक प्रेम और श्रद्धा की भावना को भी मजबूत करता है। मैं विशेष रूप से जयवीर सिंह की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना करती हूं। उनके समर्पित प्रयासों से यह महोत्सव हर .ष्टिकोण से सफल और यादगार बन पाया है। भजन गायक कन्हैया मित्तल ने कहा कि सामौर बाबा महोत्सव में अपने भजनों के माध्यम से भक्तों के बीच भावनाओं की ऊर्जा को महसूस करना मेरे लिए अत्यंत आनंददायक अनुभव रहा। श्रद्धालुओं की भावपूर्ण सहभागिता ने इस संध्या को और भी खास बना दिया। मैं विशेष रूप से मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों की सराहना करता हूं जिनकी मेहनत से यह महोत्सव इतने भव्य रूप में आयोजित हो पाया। दर्शकों की प्रतिक्रिया फिरोजाबाद से महोत्सव में पहुंचे विकास पांडे ने कहा कि भजन संध्या ने उनके मन को छू लिया और पूरे कार्यक्रम में भक्ति की अद्भुत ऊर्जा महसूस हुई। वहीं सिरसागंज की रितु सिंह ने बताया कि कन्हैया मित्तल के भजनों ने सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों के कारण यह महोत्सव बेहद यादगार और शानदार बन गया।

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा किरन कालेज से बाबूलाल तक का मार्ग

## - सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयास से शहर को बडी सौगात

## - स्वी.त हुए 2388 लाख से बनेगी अत्याधुनिक सड़क



न्यूज वाणी ब्यूरो / बांदा। शहर के समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सदर के विधायक प्रकाश द्विवेदी के अथक प्रयासों से शहर को एक अत्याधुनिक सड़क परियोजना की सौगात मिलने जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत किरण कॉलेज चौराहा से पदमाकर चौराहा, बाकरगंज चौराहा, छावनी होते हुए बाबूलाल चौराहे तक आधुनिक सुविधाओं से युक्त सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग का निर्माण नाला निर्माण एवं रोड चौड़ीकरण के साथ किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और यातायात व्यवस्था अधिक सुगम बनेगी। सड़क के साथ–साथ अंडरग्राउंड केबलिंग, आधुनिक स्ट्रीट लाइट, छतरी (शेल्टर) एवं अन्य शहरी सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा, जिससे यह मार्ग शहर की आधुनिक पहचान के रूप में विकसित होगा। इस परियोजना के लिए शासन के आवास विभाग द्वारा कुल 2388.59 लाख रुपये की धनराशि स्वी.त की गई है तथा इसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025–26 में 1194.30 लाख रूपये प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त किये गये है। इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण एवं सु.ढ़ीकरण से क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था सुगम होगी, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा स्थानीय जनता को विशेष लाभ प्राप्त होगा। यह परियोजना शहर के सुनियोजित और आधुनिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस परियोजना की स्वी.ति के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और जनता की सुविधा के लिए ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे, जिससे शहर को आधुनिक और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जा सके।

# रक्तदान कर गुलाबचंद्र ने बचाई संतोषी की जान



न्यूज वाणी ब्यूरो / बांदा। सेर्वर्स ऑफ लाइफ के तत्वाधान में मानवता की मिसाल पेश करते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन से समाजसेवी गुलाब चंद्र कुशवाहा ने रक्तदान कर संतोषी गुप्ता की जान बचाई। संतोषी को अचानक खून की आवश्यकता पड़ गई थी, जिसके बाद परिजनों ने मदद की गुहार लगाई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुलाब चंद्र कुशवाहा तुरंत आगे आए और अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। समय पर मिले रक्त की वजह से संतोषी की हालत में सुधार हुआ और उनकी जान बच सकी संतोषी गुप्ता को रक्तदान कर उन्होंने अपना यह संकल्प भी पूरा किया। इस नेक कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं। रक्तदान के समय सेर्वर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, बालचंद्र कुशवाहा, चंद्रेश कुमार गुप्ता, पीआरओ प्रमोद द्विवेदी, प्रमोद यादव, पंकज जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# आईटी और ईडी की संयुक्तछापेमारी



न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। जिले में आईटी और ईडी की छापेमारी के दौरान व्यापारियों में हड़कंप का माहौल देखने को मिला जहां जनपद में इनकम टैक्स और प्रवर्तन निदेशालय की टीम अचानक जनपद में आ पहुंची, और ताबड़तोड़ छापेमारी कार्रवाई शुरू कर दी। केंद्र सरकार के द्वारा संचालित इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और प्रवर्तन निदेशालय विभाग के लोगों की छापामारी के दौरान जनपद में मनी लांड्रिंग और आयकर विभाग द्वारा भारत सरकार की संस्थाओं को मिली जानकारी के अनुसार जनपद में पहुंचकर ऐसे व्यापारी और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की, जहां इनकम टैक्स तथा अन्य गतिविधियों की संदेह की स्थिति देखने को मिली। फिलहाल अभी तक छापेमारी के दौरान कितना क्या बरामद हुआ इसकी जानकारी अभी पता नहीं चल सकी।

## कांग्रेस नेता के जन्मदिन पर रोजा अतार व होली मिलन का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो / बहराइच। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह के 57वें जन्मदिवस पर जिला कार्यालय कांग्रेस भवन सभागार में उपस्थित कांग्रेसजनों व प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ और सुखी खुशहाल जीवन की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। कांग्रेस भवन सभागार में होली मिलन और रोजा इतार पार्टी का आयोजन कर हिन्दू मुस्लिम एकता और सद्भाव कायम रखने का मिशाल पेश किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, उर्फ ज्ञानू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित राजेश शुक्ला डाक्टर एन सिद्दीकी रवि श्रीवास्तव जीतेन्द्र सिंह जीतू गीता सिंह वशीर अंसारी हसन इश्तियाक हमजा शाहिद अनिल सिंह अब्दुल मोईद हुमायूं हामिद अली खान डाक्टर अजीमुल्ला शकील अहमद मोहम्मद आवेश,शरीफ बाबू खान भावेश पाठक शरीफ बाबा सईद अहमद डाक्टर हलीम पूजा भारती मोहम्मद इस्लाम लक्ष्मी देवी सहित तमाम सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने एक दूसरे गले मिलकर तथा पुष्प वर्षा कर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और विनय सिंह को सफलतापूर्वक देश और समाज में अग्रसर रहने की कामना की।

## स्व. चौधरी त्रिभुवन दत्त की द्वितीय पुण्यतिथि पर लगा नेत्र शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो / बाबागंज, बहराइच। वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व ग्राम प्रधान दुविधा पुर स्वर्गीय चौधरी त्रिभुवन दत्त वर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में श्री त्रिभुवन सेवा संस्था द्वारा सेवा, समर्पण, सद्भाव के उद्देश्य के साथ निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नेत्र जांच एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। जिन मरीजों को आगे उपचार अथवा ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उनके लिए भी निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की गई। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर स्वर्गीय चौधरी श्री त्रिभुवन दत्त वर्मा की स्मृति को समर्पित है। उनके आदर्शों और समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर संस्था द्वारा समय–समय पर ऐसे जनसेवा के कार्य आयोजित किए जाते हैं। अंत में संस्था के सदस्यों ने स्वर्गीय चौधरी त्रिभुवन दत्त वर्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। अगर चाहें तो मैं इसे और ज्यादा अखबार की शैली (लोकेशन, फोटो कैप्शन, 2–3 उपशीर्षक के साथ) भी बना सकता हूँ।

## रामदासपुर में जल महोत्सव व जल अर्पण कार्यक्रम मनाया



न्यूज वाणी ब्यूरो
गाजीपुर। विकास खण्ड सादात के अंतर्गत रामदासपुर पेयजल योजना में जल महोत्सव एवं जल अर्पण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल, जल स्रोतों की स्वच्छता एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जल वंदना, जल पदयात्रा, स्वच्छता अभियान, जागरूकता बैठक तथा मेरा गांव–जल सुरक्षित भविष्य विषय पर विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। साथ ही ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधान द्वारा बताया गया कि 354 घरों को नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कार्यक्रम में जल निगम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, एडीइओ पंचायत, ग्रामवासी, विद्यालय के छात्र, टीपीआई, डीपीएमयू एवं एफटीके महिलाएं उपस्थित रहे।

## देवहोली पर फगुवा गीतों के साथ उड़ा रंग गुलाल



न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के मझगवां गांव स्थित यमुना नदी तट पर विराजमान प्रसिद्ध जय मां काली मंदिर में देवहोली का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मंदिर परिसर में भक्तों ने फगुवागीतों की मधुर धुनों के बीच देवहोली का आयोजन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ढोलक और मंजीरों की थाप पर गाए जा रहे फगुआ गीतों ने माहौल को भक्तिमय और रंगमय बना दिया। श्रद्धालु एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर गले मिले और मां काली के जयकारों के साथ देवहोली की खुशियां साझा कीं। यमुना तट पर स्थित मंदिर परिसर फगुवागीतों की गूंज और रंगों की फुहार से सराबोर हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर देवहोली का उत्सव मनाते हैं। भक्ति, परंपरा और रंगों के संगम से सजा यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और सांस्.तिक विरासत की सुंदर मिसाल बन गया।

# मंडलायुक्त ने विकास कार्यो की समीक्षा बैठक दिए आवश्यक निर्देश

## - जनता दर्शन में शिकायतों को गंभीरता से सुने अधिकारी, जल्द करें निस्तारण : विवेक

न्यूज वाणी ब्यूरो
मऊ। आयुक्त आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ विवेक की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान आयुक्त ने समस्त अधिकारियों को जनता दर्शन में लोगों की शिकायतों को सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खुद जनता दर्शन में लोगों की शिकायतों को सुना जाता है एवं उनकी शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। इसलिए समस्त अधिकारी अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे के मध्य जो भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आता है उसकी शिकायतों को सुने एवं समय से उसका निस्तारण कराए। इसके अलावा यदि कोई शिकायतकर्ता जनता दर्शन के बाद भी कोई प्रकरण लेकर आता है तो संबंधित अधिकारी उसके प्रकरण को सुने। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन के दौरान यदि कोई शिकायतकर्ता आपसे ऊंची आवाज में बात करता है तो आप धैर्यता पूर्वक उसकी बातों को सुने एवं उसके साथ अच्छा व्यवहार करें। आयुक्त द्वारा जितने भी कमजोर वर्ग से जुड़े विभाग हैं जैसे विधवा पेंशन से संबंधित विभाग, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन आदि का आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल उसका निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आवेदन में कोई त्रुटि होने पर अधिकारी द्वारा स्वयं रुचि दिखाते हुए त्रुटि को ठीक करा कर लाभार्थी को योजना का लाभ देने के भी निर्देश दिए। आवास योजना में भी प्राप्त आवेदन का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। आयुक्त द्वारा जितने भी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं उसका लाभ लाभार्थियों को देने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था सुढ़ रखने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ–साथ जितने भी मरीज आते हैं उनका इलाज ठीक ढंग से करने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए तथा मध्यान भोजन में अच्छी किस्म की सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों की नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए जिससे अध्यापकों की उपस्थिति विद्यालय में नियमित बनी रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फाइलों का रखरखाव ऑफिस में साफ–सफाई की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा ने आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने को कहा एवं जो भी दिशा निर्देश आगे प्राप्त होंगे उसके अनुसार कार्य करने को कहा। आयुक्त महोदय द्वारा बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट में स्थित कई कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनसे संबंधित फाइलों का रख रखाव ठीक रखने के निर्देश दिए। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान बस्ता सूची पूर्ण न होने पर उसको पूर्ण करने के साथ–साथ मुख्य राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर आयुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित है।

# एनएसएस शिविर के तीसरे दिन चला स्वच्छता अभियान

## – छात्रों ने ग्रामीणों को स्वच्छता व आपदा से बचाव के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन छात्र–छात्राओं ने ग्राम सराय दयानत के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थानों की साफ–सफाई करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को कूड़े के उचित निस्तारण और साफ–सफाई बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही भूकंप जैसी प्रा.तिक आपदाओं के समय सुरक्षित रहने के उपायों पर भी जागरूक किया गया। छात्रों ने ग्रामीणों को बताया कि आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित स्थान पर शरण लें और सावधानी बरतें, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके। कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता .षि इंजीनियरिंग कॉलेज देवेंद्र सिंह, आशीष कुमार, पवन कुमार यादव और बादल यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और ऐसे सामाजिक कार्यों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रेरित किया। शिविर में रिया सिंह, श्रेया, मानसी, कुमकुम, विपिन, अभिषेक, अतुल और आलोक सहित कई छात्र–छात्राएं सक्रिय रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ लेकर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



# रोड पर खड़ी कार हटाने को लेकर वाहन चालक का हाईवोल्टेज ड्रामा

## - यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह से अभद्रता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर ड्यूटी लगाकर यातायात को व्यवस्थित करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति द्वारा अपनी कार सड़क पर वीच में खड़ी कर दी जिससे वहां जाम की स्थिति बनने लगी। यातायात बाधित हो रहा था इस दौरान मौके पर मौजूद यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने वाहन मालिक से शालीनता के साथ अनुरोध करते हुए कहा कि वह अपनी गाड़ी सड़क से हटाकर साइड में खड़ी कर लें, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बताया जा रहा है कि इस दौरान वाहन मालिक ने अचानक हंगामा शुरू कर दिया और यातायात प्रभारी से अभद्र भाषा में बात करने लगा। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह शांत स्वभाव के साथ स्थिति को संभालते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि संबंधित व्यक्ति वर्दी को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करता दिखाई दे रहा है। जिसमें यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने केवल नो पार्किंग 500 का चालान किया था। घटना के समय यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह के साथ हमराही पुलिसकर्मी और कांस्टेबल मनोज कुमार तथा कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, टीएसआई ओम प्रकाश शुक्ला पुलिस के अन्य यातायात कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि शहर में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 11 मार्च को थाना बलरई क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम और पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 के बारे में भी जानकारी दी गई और बताया गया कि किसी भी समस्या की स्थिति में इन सेवाओं का तत्काल उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।



# पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

## – शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस प्रशासन द्वारा नियमित रूप से आयोजित की जा रही जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे लोगों को त्वरित न्याय मिलने में मदद मिल रही है।



# 15 को मनाया जाएगा कांशीराम का 92 वां जन्मदिवस

## - भव्य कार्यक्रम में शिवपाल सिंह यादव होंगे मुख्य अतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पार्टी कार्यालय पर आयोजित वार्ता में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से बहुजन नायक कांशीराम के 92 वें जन्मदिवस को बहुजन समाज दिवस (पीडीए दिवस) के रूप में साईं कृष्णा गार्डन (वृंदावन गार्डन के निकट) में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में भागीदारी करने की अपील की गई है। प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक राघवेंद्र गौतम और जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू ने पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व जिलाध्यक्षों, जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों, पूर्व ब्लॉक प्रमुखों, नगर पालिका परिषद अध्यक्षों, पूर्व अध्यक्षों, सभासदों तथा पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों से अपनी–अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की है। इसके अलावा पार्टी के जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, वरिष्ठ नेता, बीएलए–2 और पार्टी समर्थकों से भी कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, सचिव प्रवीन कुशवाह, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आदित्य गोविंद, भानु गौतम, राजू यादव, नरेंद्र प्रजापति, बल्ले यादव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दो अभियुक्तों को न्यायालय से सजा

## - पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैंगस्टर एक्ट व अन्य मामले में दंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा दो अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है। पुलिस और अभियोजन की मजबूत पैरवी के चलते यह कार्रवाई संभव हो सकी। कोतवाली थाना क्षेत्र से संबंधित मुकदमा संख्या 156/2023 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट में न्यायालय एडीजे–10 विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने अभियुक्त पारस तिवारी पुत्र हरिओम तिवारी निवासी बजरिया छैराहा थाना कोतवाली को दोषी पाते हुए 3 वर्ष के साधारण कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं थाना बसरेहर के मुकदमा संख्या 111/2023 धारा 294 भादवि के मामले में ग्राम न्यायालय सैफई ने अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र गंगाराम राठौर निवासी सरैया ताड़ थाना बसरेहर को न्यायालय उठने तक की सजा तथा 300 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस विभाग के अनुसार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी और न्यायालय में मजबूत पैरवी कर अपराधियों को दंडित कराने का अभियान आगे भी चलता रहेगा।





## ॥ सार्वजनिक सूचना ॥

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अलमान पुत्र स्व० सिद्दीकी अहमद, निवासीदृ ग्राम बक्खा, पोस्टदृ कोराई, जिला–फतेहपुर, जो कि भूमि खाता सं0–465/1.0520 हेक्टेयर, राजस्व ग्रामदृ बक्खा, परगना व तहसील व जिलादृ फतेहपुर में स्थित है तथा श्रीमती आशमा बेगम पत्नी स्व० सिद्दीकी अहमद व अल्फिया (नाबालिग), अलिया (नाबालिग) व आफिया (नाबालिग) के साथ सहखातेदार हैं।

उपरोक्त अलमान पुत्र स्व० सिद्दीकी अहमद अपने बकदर भाग में से भूमि गाटा सं0–465/1.0520 हेक्टेयर में से रकबा 1125 वर्ग फीट, जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है–

पूर्वः 6 मीटर रास्ता, पश्चिमरू प्लॉट मुकीर, उत्तरः प्लॉट मुकीर, दक्षिणः प्लॉट मुकीर, को श्रीमती राज कुमारी पत्नी लाल सिंह को विक्रय कर रहे हैं।

इसी गाटा से रकबा 1125 वर्ग फीट भूमि, जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है–

पूर्वः प्लॉट मुकीर, पश्चिमरू कच्चा रास्ता 6 मीटर, उत्तररू प्लॉट मुकीर, दक्षिणः प्लॉट मुकीर, को श्री प्रशांत शुक्ला पुत्र किशोर को विक्रय किया जा रहा है।

उक्त भूखण्ड आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा फतेहपुर में श्रीमती राज कुमारी पत्नी लाल सिंह द्वारा बंधक किया जा रहा है। यदि उपरोक्त भूमि के सहखातेदारों या किसी अन्य व्यक्ति/संस्था अथवा सर्वसाधारण को क्रय–विक्रय या बंधक के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आपत्ति हेतु संपर्क करें
संजीव कुमार शुक्ला, एडवोकेट
एस लीगल एसोसिएट्स, केनरा बैंक के ऊपर,
सुपर मार्केट, रायबरेली (उ०प्र०)
मो0ः 9415190904


# गुरवल की अनीता ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते दो पदक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अयोध्या में आयोजित 36 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजयीपुर विकास खंड स्थित प्राथमिक विद्यालय गुरवल की छात्रा अनीता ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। अनीता ने प्राथमिक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक तथा लंबी कूद प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया। राज्य स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। ऐसे माहौल में अनीता ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर दो पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अनीता की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार के साथ–साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्रा की इस सफलता पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी ने बधाई देते हुए कहा कि जनपद के बच्चों में अपार प्रतिभा है और उन्हें सही मार्गदर्शन व अवसर मिलने पर वे प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने अनीता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए सराहा। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी विजयीपुर रजनी श्रीवास्तव ने भी छात्रा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण विद्यालयों के छात्र–छात्राएं लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनीता की सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगी और आने वाले समय में और भी छात्र–छात्राएं खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जिला व्यायाम शिक्षक दिलीप सिंह ने भी छात्रा की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह सफलता संभव हो पाई है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह, सहायक अध्यापक लाल महेंद्र प्रताप सिंह, अनुपम कुमार, आशीष सिंह, दिनेश सिंह, केपी, संजीव सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी खुशी जताते हुए अनीता को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि अयोध्या में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्.ष्ट प्रदर्शन कर अनीता ने न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जनपद फतेहपुर का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है।



# ट्रक में शॉर्ट सर्किट से उठा धुआं

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बकेवर कस्बे के समीप बकेवर जहानाबाद हाईवे पर एक ट्रक में चलते समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे ट्रक में धुआं उठने लगा। ट्रक चालक रंजन तिवारी पुत्र धीरज तिवारी निवासी बगोदर जिला गिरी झारखंड से सरिया लादकर आ रहा था। धुआं उठने के बाद कस्बा वासियों ने गाड़ी रुकवाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे बकेवर थानाध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और राहगीरों व कस्बावासियों की मदद से धुआं को काबू कर चालक व साथी को सुरक्षित बाहर निकाला।


## होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

**गाड़ी सं. 01143/01144 लोकमान्य तिलक (ट.) - दानापुर (प्रतिदिन) विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.01143 लोकमान्य तिलक (ट.)-दानापुर | | | गाड़ी सं.01144 दानापुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:30 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:45 | — |
| 08:38 | 08:40 | मानिकपुर | 08:55 | 08:57 |
| 10:55 | 11:00 | प्रयागराज छिवकी | 05:45 | 05:50 |
| 18:45 | --- | दानापुर | --- | 21:30 |

- गाड़ी सं. 01143: लोकमान्य तिलक (ट.) से (प्रतिदिन) दिनांक 10.03.2026, से 31.03.2026 तक • गाड़ी सं. 01144: दानापुर से (प्रतिदिन) दिनांक 11.03.2026, से 01.04.2026 तक

गाड़ी संरचना:- वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-09, सामान्य श्रेणी-04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06

**गाड़ी सं. 01449/01450 पुणे - दानापुर (प्रतिदिन) विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.01449 पुणे - दानापुर | | | गाड़ी सं.01450 दानापुर - पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:30 | पुणे | 18:15 | — |
| 15:48 | 15:50 | मानिकपुर | 16:45 | 16:47 |
| 17:45 | 17:50 | प्रयागराज छिवकी | 13:15 | 13:20 |
| 02:45 | --- | दानापुर | --- | 05:00 |

- गाड़ी सं. 01449: पुणे से (प्रतिदिन) दिनांक 10.03.2026, से 31.03.2026 तक
- गाड़ी सं. 01450: दानापुर से (प्रतिदिन) दिनांक 12.03.2026, से 02.04.2026 तक

गाड़ी संरचना:- वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-06, सामान्य श्रेणी-04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 536/26(D)


# व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक का किया सम्मान

## - बेहतर कानून व्यवस्था व शांतिपूर्ण होली का त्योहार सम्पन्न कराने पर की सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बुधवार को व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। स्वागत के उपरांत जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने बताया कि जब से पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह जिले में पुलिस अधीक्षक बनकर आएं हैं, तब से उनके नेतृत्व में जिले में क़ानून व्यवस्था सराहनीय है। साथ ही अभी हाल ही में सम्पन्न हुए होली के पर्व को भी पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में संपूर्ण जनपद में बड़ी ही शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न करवाया गया। इसके अतिरिक्त जिले भर में कानून व्यवस्था पहले से बेहतर है। सड़क पर पुलिसिंग दिखाई पड़ रही है। इस दौरान वरिष्ठ जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, युवा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्त सभासद समाजसेवी, शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, महामंत्री दीपक साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू, राजीव सिंह, खागा युवा मंत्री विष्णु शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल, अखिलेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।



# मस्जिद गरीब नवाज की तरावीह में कुरआन मुकम्मल

## - हाफिज मोहम्मद अखलाक रजा का फूल-माला पहनाकर किया इस्तकबाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रमजान के अवसर पर षहर के आबूनगर पुलिस चौकी के बगल में स्थित मस्जिद गरीब नवाज में 21 वीं तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल हुआ। कुरआन मुकम्मल होने के बाद दरूदो सलाम का नजराना पेश किया व दुआएं मांगी गई। मस्जिद कमेटी की ओर से कुरआन मुक्कमल कराने वाले हाफिज मोहम्मद अखलाक रजा का फूल–मालाओं से स्वागत कर मुबारकबाद दी गई। मस्जिद गरीब नवाज में हाफिज मोहम्मद अखलाक रजा ने कुरआन–ए–करीम मुकम्मल कराया। खुतबा देते हुए कहा कि कुरआन पाक वो मुकद्दस किताब है जिसका एक–एक हर्फ सच और हक है। हम सबको इसके बताए हुए तरीक़े पर ही चलना चाहिए व कुरआन पाक पूरी दुनिया के लोगों के लिए मिसाले राह है। जिस पर अमल करके इंसान अपनी जिंदगी को संवार सकता है। ज़िक्र अल्लाह व तक़रीर भी किया गया। मीलाद शरीफ व दरूदो सलाम पढ़ा गया तत्पश्चात रोजेदारों ने अल्लाह तआला की बारगाह में अपने गुनाहों की माफी, दुनिया से रुखसत हो चुके अपने अहलो अयाल की मगफिरत व मुल्क में अमनो अमान, आपसी सद्भाव व तरक्की की दुआए मांगी तत्पश्चात मस्जिद के जिम्मेदारों ने हाफिज का इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर मोहम्मद तौफीक, यूसुफ, मुबीन, ग़ालिब, जिशान राजा, फैजान, मोइन, साहिल, आदिल हुसैन, मारूफ व अन्य लोग मौजूद रहे।









# आईटीआई में रोजगार मेला व प्लेसमेंट इवेंट 18 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी समिति द्वारा मिशन के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 18 मार्च को प्रातः दस बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में वृहद रोजगार मेला व प्लेसमेन्ट इवेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। इवेन्ट में निजी क्षेत्र की तकनीकी गैर तकनीकी, सुरक्षा, माकेटिंग पॉप, फार्मेसी सहित अन्य कंपनियों द्वारा जनपद के युवाओ को सेवायोजित किया जायेगा। प्लेसमेन्ट इवेन्ट में प्रतिभाग हेतु अभ्यर्थी का सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पंजीकरण व प्लेसमेन्ट इवेन्ट सम्बन्धी जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर जिला सेवायोजन कार्यालय अथवा कार्यालय दूरभाष 05180—298602 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# दरवेशाबाद कैंप का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मलवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत दरवेषाबाद में धुमंतू समाज आभार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री असीम अरूण ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में ग्रामीणों की समस्याओं के निदान एवं कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हेतु कैम्प लगाकर आवश्यक अभिलेखों आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बनवाने व कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बुधवार को ग्राम पंचायत दरवेशाबाद में आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु व जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन कराये जाने के लिए कैम्प आयोजित किया गया। जिसका ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कल (आज) भी कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसका लाभ ग्रामीण अधिक से अधिक उठाएं।

# चेकिंग अभियान में पावर हाउस इलाके में पकड़ी बड़ी चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के कनपुरवा पावर हाउस में नवागत अवर अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने चार्ज संभालते ही बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। निरीक्षण के दौरान दो अवैध टावर पकड़े गए, जिनकी बिजली पहले बकाया बिल के कारण विभाग द्वारा काट दी गई थी। बिल बकाया होने पर पूर्व में विभाग ने इन टावरों की लाइन काट दी थी, लेकिन इसके बावजूद चोरी से केबल जोड़कर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। अवर अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने टीम के साथ छापा मारा, जिसमें दोनों टावरों पर दोबारा केबल जुड़ी पाई गई अवर अभियंता ने मौके पर ही अवैध केबल को कटवा दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि नवागत अवर अभियंता इस मामले में आगे ठोस कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी मुट्ठी गर्म कर ठंडे बस्ते में चला जाएगा। वहीं इस संबंध में अवर अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि ठोस कार्रवाई की जाएगी ऐसे चोरों को बक्सा नहीं जाएगा।

# मिट्टी हो रही बांझ, जैविक खेती से ही लाभ

## – मंडवा गांव में जैविक कृषि मेले का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। विकास खंड ऐरायां के मंडवा गांव में आयोजित जैविक कृषि मेला कार्यक्रम में .षि विभाग की सर्विस प्रोवाइडर ईश एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड इंदौर मध्य प्रदेश ने नमामि गंगे योजना के तहत किसानों को जैविक खेती के लाभ बताए। अध्यक्षता सेवानिवृत्त संयुक्त कृषि निदेशक डा. ओपी वर्मा ने किया। उन्होंने मित्र शत्रु कीटो



की पहचान बताई। जैविक दसपर्णी अर्क से कीटो पर नियंत्रण के तरीके बताए। वैज्ञानिको ने कहा कि मिट्टी की उर्वरक क्षमता कम होने से फसल उत्पादन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग, फसल अवशेषों को जलाने और बार—बार जुताई करने से मिट्टी बांझ होती जा रही है। उद्यानिकी वैज्ञानिक डा संजय कुमार ने तरबूज, खरबूज की मलचिंग विधि से खेती और बीमारी से बचाव के तरीके बताए। आम की बौर में भुनगा रोग से बचाव के लिए जैविक रसायन तैयार कर डालने को कहा। फसल सुरक्षा इकाई वैज्ञानिक डा. जगदीश किशोर ने फेरोमैन ट्रैप से कीट नियंत्रण का बिना लागत का यंत्र के उपयोग पर जोर दिया। पशु वैज्ञानिक डा. संजय पांडेय ने बकरी, गाय, भैंस पालन कर बीमारियों से कैसे बचाना है इसके घरेलू नुस्खे सुझाए। .षि वैज्ञानिक डा शिवमंगल सिंह, कृषि प्रशिक्षक रमाकांत तिवारी, वीरेंद्र यादव, औषधीय खेती के सलाहकार अमित श्रीवास्तव ने संबोधित किया। संचालन आलोक गौड़ ने किया। इस मौके पर प्रगतिशील किसान तेज प्रताप सिंह, रामस्वरूप मौर्य, बालराज सिंह यादव, प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर जितेंद्र सिंह, अनिल मिश्रा, दीपांकर सिंह, अखिलेश, विवेक, नरेंद्र, जैसेंद्र सिंह आदि रहे।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में महिला समेत चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग—अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी प्रेम लाल का 35 वर्षीय पुत्र सुखराम बाइक से हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदीपुर अपनी बहन राजरानी के घर आया था वापस लौटते समय जब वह सातमील के समीप पहुंचा तभी ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गयासपुर गांव निवासी स्व0 राजबहादुर की 50 वर्षीय पत्नी सुखरानी अपने पुत्र अविनाथ साथ शहर आ रही थी। तभी सदर कोतवाली के नूरूलहुदा के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे महिला घायल हो गयी। इसी तरह धाता थाना क्षेत्र के गुरसण्डी गांव निवासी स्व0 रामनिहोरे सिंह का पुत्र सन्त शरन सिंह खागा तहसील किसी काम से जा रहा था। जब वह गेट के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन सम्पन्न कराना जिम्मेदारी : डीएम

## - अभ्यर्थियों की सुगमता के लिए रेलवे, रोडवेज, टैक्सी स्टैंड में हेल्प डेस्क कराएं स्थापित
## - पुलिस भर्ती बोर्ड के गाइडलाइन के अनुसार केंद्रों में कराया जाए परीक्षा का रिहर्सल
## - जिले के सात केन्द्रों में 14 व 15 मार्च को दो पालियों में होगी परीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों



पर सीधी भर्ती की परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के .ष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में केंद्र प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ सम्पन्न हुआ। डीएम ने कहा कि पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा सकुशल शुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जाये। उन्होंने परीक्षा से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को निर्देशित किया कि भर्ती बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशो का भाली—भांति अध्ययन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करते हुए बोर्ड द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा सम्पन्न कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों का रूट निर्धारण पहले से कर लें। परीक्षा से संबंधित कार्यदाई संस्था सीसीटीवी कैमरे लगवा दें और उनकी क्रियाशीलता की जांच कर ले और अन्य सभी व्यवस्थाये भी करा ले। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती बोर्ड के गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा के पूर्व दिए परीक्षा का रिहर्सल निर्धारित तिथि के अनुसार कर लें साथ ही सभी व्यवस्थाये दूरस्थ रखे। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 से कहा कि रोडवेज, टैक्सी संचालकों, होटल संचालकों के साथ बैठक कर अभ्यर्थियों की सुगमता के लिए सभी तैयारी पूर्ण करा लें। साथ ही रोडवेज, रेलवे टैक्सी स्टैंड में एक हेल्पडेस्क स्थापित करा दें ताकि अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र जाने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापको से कहा कि सभी व्यवस्थाएं दी गई गाइडलाइन के अनुसार करा लें। परीक्षा कराने के लिए नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों का परिचय पत्र बनवाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में दी गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थियों का प्रवेश कराया जाए एवं सघन तलाशी भी कराई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिए गए निर्देशो का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा जनपद मे सात केंद्रों में 14 व 15 मार्च को परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा के दो घंटे पूर्व से होगा एवं परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में दो क्लॉक रुम बनाए जाए जिसमें एक अभ्यर्थियों का समान और दूसरे में परीक्षा सम्पन्न कराने वाले अधिकारी/कर्मचारियों का समान रखा जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सदर, खागा, बिन्दकी, अपर उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी, सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

## - महिलाओं व कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर लिया हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में रामलीला मैदान ज्वालागंज में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के प्रथम दिन आज क्षेत्र में भक्ति की बयार बही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल में कालिका मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर हिस्सा लिया। मंगल गीतों और गाजे—बाजे के साथ निकली। यह यात्रा नगर का भ्रमण कर रामलीला मैदान कथा स्थल पहुँची। जहां विधि—विधान के साथ कलश स्थापना की गई। कथा के प्रथम दिवस पर व्यास पीठ पर विराजमान सुप्रसिद्ध कथावाचक चंदन .ष्ण जी महाराज ने श्रीराम कथा और सत्संग की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। जो व्यक्ति प्रभु राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारता है, उसके जीवन की समस्त व्याधियां स्वतः ही दूर हो जाती हैं। प्रथम दिन के प्रसंग में कथाव्यास ने सत्संग की महिमा और मानस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बिना सत्संग के विवेक उत्पन्न नहीं होता और बिना हरि .पा के सत्संग सुलभ नहीं होता। कथा के दौरान बीच—बीच में प्रस्तुत किए गए मधुर भजनों पर भक्तगण भावविभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सरोज



भदौरिया सहित आयोजन समिति के संयोजक .ष्ण कुमार तिवारी एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के अंत में आरती की गई और सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। .ष्ण कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय दिवस की कथा में सती का भ्रम. शिव द्वारा सती का त्याग एवं भगवान शिव और पार्वती विवाह का वर्णन किया जाएगा। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक कराए जाने की मांग

## - एजेंडे में शामिल किए जाएं जनहित के 24 बिंदु

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिशद के अंतर्गत आने वाले वार्डों के कुछ सभासदों ने बुधवार को नगर पालिका परिशद के अध्यक्ष व अधिषाशी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बोर्ड की बैठक तत्काल कराए जाने की जहां मांग की वहीं चौबीस बिंदुओं को एजेंडे में षामिल किए जाने का भी आवाज उठाई। सभासदों का कहना है कि यदि बोर्ड बैठक तत्काल न बुलाई गई तो आंदोलन किया जाएगा। नगर पालिका परिशद के अंतर्गत आने वाले वार्ड सिविल लाइन के सभासद विनय कुमार तिवारी की अगुवई में कुछ सभासद पालिका पहुंचे। जहां अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट व अधि



षाशी अधिकारी रविन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन के जरिए मांग की गई कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल बोर्ड की बैठक बुलाई जाए। काफी समय से बोर्ड की बैठक न होने के चलते वार्डों का विकास कार्य ठप्प है। इसके अलावा सभासदों ने विकास के बाबत चौबीस बिंदुओं को एजेंडे में षामिल किए जाने की भी आवाज उठाई। सभासदों की अगुवई कर रहे विनय तिवारी ने कहा कि यदि षीघ्र ही बोर्ड की बैठक आयोजित न की गई तो सभासद साथी आंदोलन के लिए विवष हो जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी पालिका की होगी। उन्होने कहा कि वार्ड की जनता तमाम मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए बोर्ड बैठक तत्काल बुलाई जानी चाहिए। इस मौके पर सभासदों में संजय कुमार श्रीवास्तव, नेहा देवी, रीता पटेल, सरोज देवी, माया पटेल, विवेक नागर, ऋतिक पाल, नफीस अहमद सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

## - अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर किया उत्साहवर्धन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खेल निदेशालय के तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम



में दो दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका वॉलीबॉल, कबड्डी एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, हैंडबॉल संघ (पूर्व वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी) शुभम गुप्ता रहे। अतिथियों का स्वागत जीवन रक्षक राजकुमार यादव ने बैज लगाकर किया। मुख्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार भारती ने की। प्रतियोगिता के संचालन में एथलेटिक्स कोच आरिफ खान, हैंडबॉल कोच मोहित यादव, क्रिकेट कोच पुष्पेन्द्र सिंह परिहार व जीवन रक्षक राजकुमार यादव की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के संचालन में कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण शर्मा एवं स्टेडियम स्टाफ के मनीष कुमार सहित अन्य सहयोगियों का भी सराहनीय योगदान रहा। कबड्डी बालिका वर्ग में स्टेडियम टीम विजेता, सरस्वती विद्या मन्दिर उपविजेता, कबड्डी बालक वर्ग में स्टेडियम टीम विजेता, मदर सुहाग इंटर कॉलेज उपविजेता, हैंडबॉल बालिका वर्ग में आरएस एक्सेल विजेता, स्टेडियम उपविजेता, हैंडबॉल बालक वर्ग में स्टेडियम विजेता, मदर सुहाग इंटर कॉलेज उपविजेता, वॉलीबॉल बालिका वर्ग में स्टेडियम विजेता, सरस्वती विद्या मन्दिर उपविजेता, वॉलीबॉल बालक वर्ग में लोकल टीम विजेता, हॉस्टल टीम उपविजेता रही।

# नो स्मोकिंग डे पर तंबाकू मुक्त समाज का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में नो स्मोकिंग डे के अवसर पर शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में किया



गया। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उद्बोधित करते हुए बताया कि नो स्मोकिंग डे की शुरूआत 1984 में ब्रिटेन में की गयी थी, इसका उद्देश्य लोगों को धूमपान के नुकसान के बारे में जागरूक करना और उन्हें धूमपान छोडने के लिये प्रेरित करना था। उन्होनें बताया कि धूमपान से कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होनें उपस्थित समस्त लोगों से अपील किया कि धूमपान, तंबाकू किसी भी रूप में प्रयोग न की जाये क्योंकि यह जीवन के लिये हानिकारक है। तंबाकू नियंत्रण के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे स्वंय तम्बाकू धूमपान का सेवन नहीं करेंगें और दूसरो को भी इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करेंगें ताकि समाज को तंबाकू मुक्त बनाया जा सके। उपस्थित डा० सुरेश कुमार नोडल अधिकारी जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, महेन्द्र सिंह लोधी जिला अपर शोध अधिकारी, संदीप कुमार सिंह जिला प्रशासनिक अधिकारी, पुनीत श्रीवास्तव क्षेत्रीय समन्वयक यूपीवीएचए लखनऊ, अमित मिश्रा, वरिष्ठ सहायक कु० वन्दना शर्मा, कनिष्ठ सहायक एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के क्षेत्र के आबूनगर इमामगंज मोहल्ले में 40 वर्षीय युवक ने घर अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार उत्तरी इमामगंज मोहल्ले निवासी स्व0 नसीर खान का पुत्र हसीब ने उस वक्त घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब घर वालों की नींद खुली तो फांसी के फन्दे लटका हसीब का शव देख घर में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक का भाई वसी ने बताया कि उसका भाई शराब पीने का आदी था और पैर से विकलांग भी था। 20 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुयी थी पांच वर्ष पूर्व उसकी पत्नी उसे छोडकर चली गयी थी। तब से वह अपनी एक पुत्री के साथ रहता था बीती रात उसने घटना को अंजाम दे दिया।

# प्लॉट की पैमाइश कराने की मांग, बाउंड्री तोड़ने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर तहसील क्षेत्र के मलवां थाना अंतर्गत ग्राम चक्की निवासी एक युवक ने खरीदे गए प्लॉट को लेकर हो रहे विवाद में तहसील प्रशासन से पैमाइश कराने की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित ने तहसीलदार सदर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। ग्राम चक्की निवासी अरविंद कुमार पुत्र रामपाल ने बताया कि उन्होंने 20 मई 2022 को गाटा संख्या 1524 में 20 बाई 50 का एक प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि प्लॉट विक्रेता व प्रॉपर्टी डीलर ने कथित रूप से जालसाजी करते हुए उन्हें जमीन दिखाई और उसी के आधार पर प्लॉट का बैनामा कराया। पीड़ित का कहना है कि उक्त गाटा संख्या में लगभग पांच बीघा जमीन की प्लॉटिंग राजू पासवान पुत्र मनबोधन निवासी आबूनगर द्वारा की गई थी। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपने प्लॉट की बाउंड्री बनवाई थी, जिसे बाद में आरोपी ने अपने लोगों के साथ मिलकर उखाड़ दिया। जब भी वह निर्माण कार्य कराने के लिए प्लॉट पर जाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है और कहा जाता है कि यह जमीन किसी और की है। अरविंद कुमार का कहना है कि उक्त जमीन का बैनामा और दाखिल—खारिज करीब चार वर्ष पहले ही हो चुका है। इसके बावजूद उन्हें अपने ही प्लॉट पर निर्माण करने से रोका जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि इस मामले की जानकारी वह पहले ही जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी तथा कोतवाली पुलिस को दे चुके हैं। अब उन्होंने तहसीलदार सदर से गाटा संख्या 1524 की पैमाइश कराकर जमीन के विवाद का समाधान कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी को भी भेजी गई है।

# कोराई में हर घर नल योजना की पाइपलाइन जुड़वाने की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास खंड तेलियानी के ग्राम कोराई में हर घर नल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में गांव के निवासी संतोष कुमार ने जिलाधिकारी को तीसरी बार प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है। संतोष कुमार पुत्र स्व. सहादेव निवासी ग्राम व पोस्ट कोराई ने बताया कि उनका मकान उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कोराई के ठीक सामने पूर्व दिशा में स्थित है। यहां पानी सप्लाई की पाइपलाइन तो पड़ी हुई है, लेकिन अब तक पेयजल कनेक्शन से जोड़ा नहीं गया है, जिसके कारण उनके घर और आसपास के क्षेत्र में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर 6 सितंबर 2025 को जिलाधिकारी को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसका संदर्भ संख्या 40017225027887 है। इसके निस्तारण की तिथि 6 अक्टूबर 2025 तय की गई थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके बाद 8 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री को भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई, जिसका संदर्भ संख्या 40017225031448 है। शिकायत पर विभाग की ओर से बताया गया कि जल जीवन मिशन फेज—3 के अंतर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा गांव में गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है और ट्रायल व रन का कार्य पूरा होने के बाद कनेक्शन शिटिंग कर दी जाएगी। हालांकि ग्रामीण का आरोप है कि अब तक न तो पाइपलाइन जोड़ी गई और न ही पानी की सप्लाई शुरू हो सकी है, जबकि गांव के अन्य स्थानों पर पानी की सप्लाई हो रही है। ग्रामीण ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कोराई के पास पूर्व दिशा की ओर पड़ी पाइपलाइन को जोड़कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जाए, ताकि लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )